वर्ष : 33 ▸ अंक : 289 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 4 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल




DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P8 परीक्षण में 180Kmph की गति से दौड़ी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

P7 अल्लू अर्जुन को बड़ी राहत

# मिल श्रमिकों को डिप्टी सीएम शिंदे का तोहफा

## मिल श्रमिकों के लिए बनेंगे 1 लाख घर

## डिप्टी सीएम शिंदे ने किया ऐलान



### मुंबई झोपड़ा मुक्त बनाएंगे

शिंदे ने कहा कि मुंबई को झोपड़पट्टी मुक्त बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए मुंबई की झोपड़पट्टी पुनर्वसन और अन्य पुनर्वसन की प्रलंबित परियोजनाओं को शुरू किया जाएगा। झोपड़पट्टी पुनर्वसन योजना को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एमएमआरडीए और झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण के माध्यम से घाटकोपर में माता रमाबाई आंबेडकर नगर और कामराज नगर में झोपड़पट्टी पुनर्विकास परियोजना शुरू है।

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र में नई महायुति की सरकार के गठन के बाद मंत्रियों ने अपने-अपने विभाग का काम करना शुरू कर दिया है। गुरुवार को महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक हुई इसमें कई अहम फैसले लिए गए। इधर उपमुख्यमंत्री एवं गृहनिर्माण विभाग का पदभार संभालने के बाद उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहली ही बैठक में धमाकेदार काम शुरू कर दिया है। पहली बैठक में उन्होंने गृहनिर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों से पर्यावरण अनुकूल आवास, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास नीति, किफायती किराये के आवास और सबसे महत्वपूर्ण गरीब श्रमिकों को एक लाख आवास उपलब्ध कराने की योजना पर चर्चा की। बैठक में मिल श्रमिकों के लिए एक लाख घर बनाने का लक्ष्य तय किया गया।

### आवास नीति के संबंध में दिया प्रेजेंटेशन

गृहनिर्माण विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को एकनाथ शिंदे के समक्ष आवास नीति के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। इस दौरान किफायती पर्यावरण-अनुकूल आवास नीति को बढ़ावा देने, नीति में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास को शामिल करने, किफायती किराये के आवास योजना शुरू करने और मिल श्रमिकों के लिए 1 लाख घरों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करने जैसे मुद्दों पर डीसीएम शिंदे ने अधिकारियों से चर्चा की और उन्हें उस दिशा में काम करने का निर्देश दिया।



### दो निविदा मिली

मंत्री शिंदे ने कहा कि श्रमिकों के लिए एक लाख घर बनाने के लिए दो निविदाएं प्राप्त हुईं हैं। जिन पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने महाराष्ट्र के अपने पैतृक गांवों में चले गए मिल श्रमिकों को वहीं घर दिए जाने की संभावनाओं की भी जांच करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 के बाद आवास नीति नहीं बनी, अब बन रही है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों और मिल श्रमिकों को बड़ी राहत देने की कोशिश की गई है।

# छोटा राजन का गुर्गा गिरफ्तार

▸▸ 32 साल से था फरार



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई पुलिस ने अंडरवर्ल्ड सरगना छोटा राजन के गुर्गे को गिरफ्तार किया है। विलास पवार नाम के इस अपराधी पर हत्या ,फिरौती, जमीन हथियाने और अवैध हथियार रखने के कई मामले दर्ज हैं। पिछले 32 सालों से फरार चल रहे राजू चिकन्या उर्फ विलास बलराम पवार को अरेस्ट करने में मुम्बई पुलिस ने सफलता पाई है। ये छोटा राजन के खास गुर्गे के पर जाना जाता था। इसे राजू विकन्या उर्फ विलास बलराम पवार के नाम से बुलाते हैं।

मुंबई पुलिस को जानकारी मिली थी कि ये आरोपी मुंबई के चेंबूर इलाके में छिपा हुआ है। पुलिस की टीम ने चेंबूर इलाके में जाकर इस आरोपी को किया गिरफ्तार। मुंबई के अलग-अलग पुलिस स्टेशन में इस आरोपी के खिलाफ कई गंभारी मामले जैसे हत्या, फिरौती अपहरण और इलीगल हथियार रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। राजू चिकन्या उर्फ विलास पवार का आतंक इतना ज्यादा रहा है कि लोग उसका नाम सुनकर भी काफी डरते हैं। इतने लंबे समय से पुलिस इसे खोज रही थी। करीब 3 दशक के बाद इसे मुंबई से गिरफ्तार किया जा सकता है। छोटा राजन के गुर्गा के तौर पर जाना जाने वाला विलास पवार अपराध करके पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाया करता था। उसने कभी मर्डर किए तो कभी लोगों को डराकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया। ऐसा करके वो करीब 32 सालों से पुलिस की नजर से बचता रहा।

# फिर से निशाना बनी वंदे भारत एक्सप्रेस

▸▸ सोलापुर में ट्रेन पर पथराव, रेलवे के अफसर पहुंचे

**एजेंसी । सोलापुर**

सोलापुर में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव की घटना सामने आई है। एक असामाजिक तत्व ने मुंबई से सोलापुर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सी-11 कोच को निशाना बनाया और पत्थर फेंकें। इससे कोच की खिड़की का शीशा टूट गया। घटना शुक्रवार सुबह जेउर रेलवे स्टेशन के पास हुई। जब वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशन के पास पहुंच रही थी, तभी अज्ञात शख्स ने अचानक पत्थर फेंकना शुरू कर दिया।




### कोई हताहत नहीं

हालांकि, इस घटना में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन रेलवे और प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह साफ नहीं हो पाया है कि पत्थर फेंकने वाले लोग कौन थे और उनका उद्देश्य क्या था। रेलवे विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का भी आश्वासन दिया है।

### पहले भी हुए हैं पथराव के मामले

यह कोई पहली बार नहीं है, जब वंदे भारत ट्रेन पर पथराव हुआ हो। इससे पहले हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में दिल्ली-ऊना वंदे भारत ट्रेन के डिब्बों पर पत्थर फेंके गए थे, जिसके बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में सुरक्षा बल के जवान तैनात किए गए थे। अब महाराष्ट्र में मुंबई-सोलापुर वंदे भारत ट्रेन पर हुए इस हमले ने एक बार फिर से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

# FDI के मामले में महाराष्ट्र फिर नंबर 1

**धीरज सिंह । मुंबई**

महाराष्ट्र से उद्योगों के पलायन के विपक्ष के आरोपों बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा दावा किया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के मामले में महाराष्ट्र एक बार फिर देश का नंबर 1 राज्य बना है। सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर आंकड़े जारी करते हुए सीएम फडणवीस ने बताया कि महाराष्ट्र ने एक वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य महज 6 महीनों में हासिल कर लिया है। फडणवीस के अनुसार महाराष्ट्र में महज छह महीनों में 1 लाख 13 हजार 236 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश आया है, जो कि पूर्व निर्धारित लक्ष्य के लगभग 95 फीसदी के बराबर है।




### ऐसा रहा अब तक का प्रदर्शन

2020-21 : 1,19,734 करोड़
2021-22 : 1,14,964 करोड़
2022-23 : 1,18,422 करोड़
2023-24 : 1,25,101 करोड़
2024-25 (अप्रैल से सितंबर तक 6 महीने) : 1,13,236 करोड़

### सीएम देवेंद्र फडणवीस बोले- अब रुकेंगे नहीं

'महाराष्ट्र अब रुकेगा नहीं', शीर्षक वाली पोस्ट में फडणवीस ने राज्य की जनता को बधाई देते हुए लिखा है कि पुनः यह बताते हुए बेहद हर्ष हो रहा है कि हमारा महाराष्ट्र विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने में लगातार अग्रणी बना हुआ है। अब सितंबर महीने में समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के आंकड़े सामने आए हैं। इससे यह साफ हो गया है कि बीते 4 वर्षों में महाराष्ट्र में औसतन 1,19,556 करोड़ रुपए का निवेश आया है। इसका मतलब है कि पूरे साल का 94.71 फीसदी निवेश सिर्फ 6 महीने में आ गया है।



# भुजबल के बल पर पवार की पावर

▸▸ छगन भुजबल का डेढ़ घंटे तक इंतजार किया शरद पवार ने



**डीबीडी संवाददाता । पुणे/मुंबई**

महाराष्ट्र की नई कैबिनेट में जगह नहीं मिलने से नाराज बताए जा रहे अजीत पवार गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के नेता छगन भुजबल ने शुक्रवार को पुणे में एक कार्यक्रम में एनसीपी संस्थापक और वरिष्ठ नेता शरद पवार के साथ मंच साझा किया। दरअसल, महान शिक्षाविद और समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती के अवसर पर पुणे के चाकन बाजार समिति में महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया था।

### कागज की पर्ची, फिर बिखरी मुस्कान

इससे पहले शरद पवार को वहां करीब डेढ़ घंटे तक छगन भुजबल का इंतजार करना पड़ा। जब भुजबल निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे की देरी से पहुंचे तो वह शरद पवार की तरफ नहीं देख पा रहे थे। इसी दौरान शरद पवार ने छगन भुजबल को कागज की एक पर्ची पर एक लिखित संदेश दिया, जिसके बाद उनके बीच कुछ सेकेंड तक बातचीत हुई फिर दोनों नेता एक-दूसरे को देखकर मुस्कुराने लगे।

### राजनीतिक गलियारे में चर्चा का दौर

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री छगन भुजबल ने की। अनावरण के बाद दोनों नेता मंच पर अगल बगल बैठे थे। इस दौरान दोनों के बीच रह-रहकर बातचीत भी हुई। फिर पवार ने भुजबल के हाथ से ट्रैक्ट छीन लिया और अपने हाथ से ट्रैक्ट थमा दिया। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच बातचीत होने लगी। इस नजारे पर महाराष्ट्र की सियासत में खुसर-फुसर शुरु हो गई है।


### मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ भी साझा किया मंच

उधर, एक अन्य कार्यक्रम में छगन भुजबल मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ सतारा में भी थे। आधुनिक भारत की पहली शिक्षिका मानी जाने वाली सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा जिले में उनके जन्मस्थान नायगांव में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस के साथ छगन भुजबल और राज्य मंत्री अतुल सावे भी मौजूद थे।

# पार्टी के विस्तार के चिंतन करेंगे अजित पवार

▸▸ संभाजी नगर में दो दिवसीय चिंतन बैठक

▸▸ क्षेत्र के विशेषज्ञ लोगों से लेगी सलाह



**दीपक पवार । मुंबई**

विधानसभा चुनावों में मिली बंपर जीत के बाद सत्ताधारी दलों ने स्थानीय निकाय के चुनावों की तैयारियों में जुट गई है। बीजेपी ने 12 जनवरी को नासिक में राज्य स्तरीय बैठक बुलाई है, तो अजित पवार की एनसीपी ने संभाजी नगर में दो दिवसीय 18-19 जनवरी को मंथन बैठक बुलाई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुनील तटकरे ने बताया कि चिंतन बैठक में हम लोग विशेषज्ञों को भी बुला रहे हैं जो अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ होंगे। बैठक में हम लोग अगले पांच साल के विकास और पार्टी के विस्तार का खाका तैयार करेंगे।

### कार्यकर्ताओं में है जोश

सरकार बनने के बाद पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी जोश में हैं। अपनी सरकार की ओर वे बड़ी उम्मीद के साथ देख रहे हैं। लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली बड़ी पराजय के बाद कई सारे नेताओं ने अजित पवार का साथ छोड़ दिया था, लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद पार्टी लोग फिर से सक्रिय हो गए हैं। राज्य में सरकार भी बन गई है। आने वाले दिनों में विधान परिषद में कई लोगों को जाने का अवसर मिलेगा। म्हाडा, सिडको जैसे दूसरे कई सारे महामंडलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति किया जाना है। साथ ही महानगरपालिका, नगरपालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायतों के चुनाव होने वाले है। संगठन को मजबूत करने के लिए सरकार का कैसे उपयोग किया जा सकता है। ऐसे कई सारे विषयों को लेकर पार्टी चिंतन बैठक करने जा रही है।

### सुझावों से अमल करेगी पार्टी

पार्टी को कैसे और मजबूत बनाई जा सकती है, चुनावों में कैसे ज्यादा से ज्यादा सीटें जीती जा सकती है? इस पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से सुझाव मांगे है। इस पर प्रदेश अध्यक्ष तटकरे ने कहा कि अच्छे सुझाव, राय आने पर पार्टी उस पर अमल भी करेंगी। इसके लिए तटकरे ने सभी से लाभ उठाने की अपील की है। पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि पार्टी के अनुशासन का सख्ती से पालन करे। प्रवक्ताओं की एक अलग बुलाई जाएगी। कोई प्रवक्ता जब बोलता है तो वह उसकी व्यक्तिगत राय नहीं होती, बल्कि वह पार्टी की राय होती है। वह प्रवक्ता पार्टी की अधिकृत भूमिका रखता है, इसलिए प्रवक्ताओं की जिम्मेदारी बड़ी है।

### कई जिलों में नहीं हैं विधायक

प्रदेश अध्यक्ष तटकरे ने बताया कि आने वाले दिनों में काफी राजनीति हलचल होगी। हालिया विधानसभा चुनाव में कई जिलों में हमारे एक भी विधायक नहीं है। वहां पर पार्टी को मजबूती प्रदान करनी है। राज्य में अब हमारी पांच साल तक सरकार रहेगी। इन पांच सालों में विकास के लिए हर साल का रोड मैप तैयार करेंगे। हर साल क्या-क्या काम करना है उस पर चर्चा करेंगे। बैठक में वर्तमान सांसद, वर्तमान विधायक, पूर्व सांसद, विधायक, विधानसभा चुनाव लड़ चुके सभी प्रत्याशी, फ्रंटल प्रकोष्ठों के प्रमुख, अन्य प्रकोष्ठों के प्रमुख को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा अपने-अपने क्षेत्र के एक्सपर्ट को उनका मार्गदर्शन लेने के लिए बुलाया जाएगा। तटकरे ने यह भी कहा कि पार्टी का काम राष्ट्रीय परिस्थिति तक सीमित नहीं रहेगा।

# बालू माफियाओं पर सरकारी लगाम

▸▸ अब जिलाधिकारी के पास होगा गौण खनिज का अधिकार




**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

प्रदेश में गौण खनिज के संबंध में सभी फैसले लेने का अधिकार अब संबंधित जिलाधिकारी के पास होगा। फिलहाल यह अधिकार अतिरिक्त जिलाधिकारी के पास था। राज्य के राजस्व विभाग ने इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बालू माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि गौण खनिज का नियमन अधिक कार्यक्षम करने के लिए जिलाधिकारी को अधिकार दिए गए हैं।

# मुंबई एयरपोर्ट पर तस्करी का भंडाफोड़

▸▸ 4.84 करोड़ रुपए का सोना जब्त, 4 गिरफ्तार



**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) पर सोने की तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) मुंबई ने खुफिया जानकारी के आधार पर एयरपोर्ट पर कार्यरत कर्मचारियों के एक गिरोह को पकड़ा, जो सोने की तस्करी और उसे एयरपोर्ट के बाहर पहुंचाने में शामिल था। जानकारी के मुताबिक, डीआरआई को विशेष खुफिया सूचना मिली थी कि एयरपोर्ट पर कार्यरत कर्मचारियों का एक गिरोह छोटे-छोटे बैचों में सोने की तस्करी कर रहा है। इस जानकारी के आधार पर अधिकारियों ने छापेमारी की और दो एयरपोर्ट कर्मचारियों को रंगे हाथ पकड़ा। वो भी तब जब वे तस्करी किए गए सोने को एयरपोर्ट के बाहर ले जा रहे थे।

### गिरफ्तारी और बरामदगी

इसके बाद की कार्रवाई में दो रिसीवर भी पकड़े गए। जांच में 5 अंडाकार आकार के कैप्सूल और मोम के रूप में सोने की धूल के 2 पैकेट बरामद किए गए। जांच के दौरान यह पता चला कि सोने का शुद्ध वजन 6.105 किलोग्राम है, जिसकी बाजार कीमत 4.84 करोड़ रुपए आंकी गई। वहीं बरामद 6.105 किलोग्राम सोने को जब्त कर लिया गया और सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के प्रावधानों के तहत सभी चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सीएम आतिशी के खिलाफ कांग्रेस ने अलका लांबा को उतारा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी सीट से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को उनके नाम की घोषणा की। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अब तक 3 लिस्ट में 48 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। नाम की घोषणा के बाद अलका ने कहा, 'मैं चौथा विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही हूं। अरविंद केजरीवाल ने आतिशी को टेम्परारी CM कहकर संवैधानिक पद का अपमान किया। उस पद पर बैठी महिला सीएम का अपमान किया है।'

### कालकाजी सीट से चुनाव लड़ेंगीं



20 साल से ज्यादा के अपने पॉलिटिकल करियर में अलका तीन विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। छात्र नेता रहीं अलका ने 2003 में बीजेपी नेता पूर्व सीएम मदनलाल खुराना के खिलाफ चुनाव लड़ा, जिसमें वे हारी थीं। 2014 में अलका कांग्रेस छोड़कर AAP में शामिल हुई थीं। 2015 में उन्होंने AAP के टिकट पर चांदनी चौक सीट से जीत हासिल की थी। 2019 में वे AAP छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुई थीं। उन्होंने 2020 के चुनाव में चांदनी चौक सीट से दोबारा चुनाव लड़ा, जिसमें वे तीसरे नंबर पर रही थीं।

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



क्राइम ब्रांच की कड़ी कार्रवाई

# बांग्लादेशी दंपति की गिरफ्तारी

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों पर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विठ्ठलवाड़ी क्षेत्र से एक बांग्लादेशी दंपति को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के नेतृत्व में यह ऑपरेशन अंजाम दिया गया।

### गुप्त सूचना से हुआ खुलासा

क्राइम ब्रांच के पीएसआई प्रवीण खोचरे को गुप्त मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्वामी सर्बानंद आश्रम, अशेले गांव, विठ्ठलवाड़ी पूर्व, न्यू साईबाबा कॉलोनी में बांग्लादेशी नागरिक



चोरी-छिपे रह रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और दंपति को हिरासत में ले लिया।

### ये है गिरफ्तार दंपति

मीना मुजीद खान (30) और ईमोन उर्फ महमूद खान असद खान (27) पिछले 10 वर्षों से चोरी-छिपे उल्हासनगर में रहकर विभिन्न कार्यों से अपना जीवनयापन कर रहा था। इस कार्रवाई से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों में दहशत फैल गई है। क्राइम ब्रांच की सख्ती के चलते कई बांग्लादेशी नागरिक शहर छोड़कर भागने को मजबूर हो गए हैं।

### अब तक की सफलता

पुलिस की इस मुहिम में अब तक 10 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार किए जा चुके हैं। क्राइम ब्रांच की यह मुहिम लगातार जारी है और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने ऐसे मामलों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है।

### पुलिस का संदेश

पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि शहर में अवैध रूप से रह रहे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई न केवल सुरक्षा को मजबूत करती है, बल्कि अवैध गतिविधियों पर भी लगाम लगाती है।

## आदिवासी छात्रों का कौशल निखारे महाराष्ट्र सरकार : गडकरी

डीबीडी संवाददाता | नागपुर



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र आदिवासी विकास विभाग से आदिवासी छात्रों के कौशल को निखारने और उन्हें इंजीनियर, चिकित्सक तथा सिविल सेवक बनने में मदद करने का आग्रह किया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री विभाग द्वारा आयोजित एक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी विकास मंत्री अशोक उइके को सुझाव दिया कि आदिवासी विद्यार्थियों के लिए आश्रम शालाओं (आवासीय विद्यालयों) की रेटिंग की जाए और अच्छे प्रदर्शन करने वालों को कौशल विकास संस्थान स्थापित करने में मदद की जाए।


## खबर संक्षेप

### अच्छे रिटर्न का लालच देकर इंजीनियर से ठगी



**ठाणे।** निजी कंपनी के इंजीनियर से अच्छे रिटर्न का लालच देकर 62 लाख रुपये ठग लिए गए। ठाणे पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इंजीनियर ने बताया कि उसने सितंबर और नवंबर के बीच यह पैसा गंवा दिया। खुद को अनाया बताने वाली एक महिला ने व्हाट्सएप पर उससे संपर्क किया और शेयर ट्रेडिंग के जरिये अच्छा रिटर्न देने का वादा किया। अधिकारी ने शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि व्यक्ति ने दो महीने में 62.39 लाख रुपये खर्च कर दिए। महिला की ओर से कोई जवाब न मिलने और कोई जवाब न मिलने पर व्यक्ति ने बुधवार को कलवा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

### 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



पालघर। पालघर जिले में एक व्यक्ति को अपनी ही कंपनी की 16 वर्षीय एक कर्मचारी से कथित तौर पर दुष्कर्म करने को लेकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वलिव थाने के अधिकारी ने बताया कि सातिवली में एक कंपनी के मालिक ने 31 दिसंबर और एक जनवरी को किशोरी से दुष्कर्म किया। अधिकारी ने बताया कि 50 वर्षीय आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दुष्कर्म और अन्य अपराधों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# कोर्ट ने सबूतों के अभाव में पूर्व पार्षद समेत 6 लोगों को किया बरी

▶▶ मकोका की तहत दर्ज हुआ था केस

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज एक मुकदमे में सबूतों के अभाव में 6 लोगों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आईपीसी और मकोका दोनों ही मामलों में आरोप साबित करने में विफल रहा। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने एक मोबाइल दुकान के मालिक से जबरन वसूली और उस पर हमला करने के आरोप में पूर्व पार्षद समेत 6 लोगों को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मुकदमे में सबूतों के अभाव व अभियोजन पक्ष की प्रक्रियागत खामियों का हवाला देते हुए बरी कर दिया है। ठाणे जिले में मकोका मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने 1 जनवरी को फैसला सुनाया, जिसमें आरोपियों को उपरोक्त कारणों के साथ-साथ गवाहों की अविश्वसनीय गवाही के लिए संदेह का लाभ दिया गया। कल्याण के महात्मा फुले चौक थाने में 2022 में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस एफआईआर में आरोपियों पर जबरन वसूली, हत्या का प्रयास और एक संगठित अपराध में शामिल होने का आरोप लगाया गया था।



### ये लोग हुए बरी

अदालत द्वारा बरी किए गए आरोपियों की पहचान सतेज उर्फ बाला सुरेश पोकल (30), सचिन समसन खेमा (44), कल्याण डोंबिवली नगर निगम के पूर्व पार्षद व ठेकेदार, नितिन समसन खेमा (41), प्रेम हरिभाऊ चौधरी (33), तोहित उर्फ बबलू मजीद शेख (24) औ र गणेश विलास रोकड़े (29) के रूप में हुई है। विशेष मको का अदालत के न्यायाधीश अमित एम शेटे ने कहा कि अभियोजन पक्ष के मामले में कई महत्वपूर्ण कमियां थीं। न्यायाधीश ने जब्त की गई महत्वपूर्ण वस्तुओं को फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) में भेजने में काफी देरी को हाईलाइट किया।

### जब्त वस्तुओं को देर से एफएसएल के लिए भेजा

अदालत ने कहा कि जब्त की गई वस्तुओं को जब्ती के लगभग तीन महीने बाद एफएसएल भेजा गया, जिससे छेड़छाड़ की संभावना बढ़ गई। यह देरी अभियोजन पक्ष के बयान को गंभीर रूप से कमजोर करती है। न्यायाधीश ने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता और घायल पक्षों सहित अभियोजन पक्ष के गवाह सुसंगत विवरण देने में असफल रहे।

### आईपीसी और मकोका दोनों के तहत आरोप सिद्ध नहीं हुए

न्यायाधीश ने कहा कि साक्ष्यों की कमी, प्रक्रियागत चूक और अविश्वसनीय गवाही को ध्यान में रखते हुए अदालत ने आरोपियों को संदेह का लाभ दिया। अदालत के सामने प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को दोषी ठहराना सही नहीं है। अभियोजन पक्ष भारतीय दंड संहिता (IPC) और मकोका दोनों के तहत आरोप साबित नहीं कर पाया।

# विधायक केलकर ने अधिकारियों को लगाई फटकार

▶▶ ठाणे में अधिकारियों के साथ अहम बैठक

▶▶ कर्मचारियों की समस्याओं और पेड़ों की कटाई जैसे मुद्दों पर चर्चा

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



विधायक संजय केलकर ने मनपा के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कर्मचारियों की समस्याओं और पेड़ों की कटाई जैसे गंभीर मुद्दों पर उन्हें कड़ी फटकार लगाई।

### कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा

मनपा के टीडीआरएफ, स्वच्छता कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मचारी, और सुरक्षा गार्ड जैसे कई श्रेणियों के कर्मचारियों की समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई। विधायक केलकर ने इन मुद्दों को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए।

■ विरासत अधिकार का मुद्दा: सफाई कर्मियों के विरासत अधिकार पर 8 जनवरी को कोर्ट में सुनवाई होगी।

■ शिक्षा विभाग की समस्या: 10-15 वर्षों से तय वेतन पर कार्यरत शिक्षकों को नियमित करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा।

■ कर्मचारियों की कमी: मनपा में कर्मचारियों की भारी कमी के चलते एक व्यक्ति को चार कर्मचारियों का काम करना पड़ रहा है। वर्तमान में 4-5 हजार कर्मचारियों की कमी बताई गई है।

### कलवा अस्पताल की समस्याएं

कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल की नर्सों की लंबित शिकायतों पर 7 जनवरी को बैठक कर समाधान निकालने की बात कही गई। मनपा के डी श्रेणी के कर्मचारियों के प्रमोशन के मुद्दे और सहायक सुरक्षा अधिकारी पद के लिए महिलाओं को प्राथमिकता देने पर भी चर्चा हुई।

### पेड़ों की कटाई पर सख्त रुख

शहर में चल रही पेड़ों की अंधाधुंध कटाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को विधायक केलकर ने सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और पेड़ों की कटाई की शिकायतों को तुरंत हल करना होगा। विधायक केलकर ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही कर्मचारियों पर काम का बोझ कम किया जाएगा और उनके हितों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# थाने में हंगामा करने पर 20 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

▶▶ विक्रेता के साथ झगड़े के बाद युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे के मुंब्रा इलाके में एक व्यक्ति ने फल विक्रेता से मराठी में फल के दाम पूछे, लेकिन विक्रेता ने हिंदी में बात करने को कहा, जिससे दोनों के बीच झगड़ा हो गया।




### पुलिस थाने पर इकट्ठा हुई भीड़

झगड़े के बाद पुलिस ने युवक को थाने ले जाकर शांति भंग का मुकदमा दर्ज किया और उसे छोड़ दिया। शाम को विक्रेता के समर्थन में एक बड़ी भीड़ पुलिस स्टेशन पहुंची और युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# हेड कांस्टेबल की गला घोंटकर हत्या

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई शहर में एक चौंकाने वाली घटना घटी है। यहां पनवेल रेलवे पुलिस स्टेशन में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत विजय चव्हाण की दो लोगों ने



गला घोंटकर हत्या कर दी और रबाले और घनसोली रेलवे स्टेशन के बीच चलती लोकल के सामने धक्का दे दिया। वाशी रेलवे पुलिस स्टेशन में दोनों हत्यारों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### घनसोली में रहते थे चव्हाण

मृतक विजय चव्हाण घनसोली में रहते थे। हेड कांस्टेबल विजय चव्हाण को बुधवार सुबह करीब 5 बजे रबाले से घनसोली रेलवे स्टेशन के बीच ठाणे से वाशी की ओर जा रही लोकल के सामने दो लोगों ने धक्का दे दिया। मोटरमैन ने इसकी जानकारी रेलवे पुलिस को दी तो रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। इस समय, यह पता चला कि उक्त घटना में मृतक पनवेल रेलवे पुलिस स्टेशन के हेड कांस्टेबल विजय चव्हाण थे।

### पुलिस का बयान

वाशी रेलवे पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की पहचान 42 वर्षीय विजय रमेश चव्हाण के रूप में हुई है, जो घनसोली का रहने वाला था। उन्होंने कहा ?यह घटना बुधवार सुबह 5:25 से 5:35 बजे के बीच हुई। आरोपी, जो सफेद शर्ट पहने हुए थे, ने किसी अज्ञात वस्तु से चव्हाण पर हमला किया और उसे ट्रेन के सामने धकेल दिया। अधिकारी ने बताया कि हत्या के पीछे का मकसद पता नहीं चल पाया है। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# लेबर पेन के दौरान महिला को हुआ हार्ट अटैक

डीबीडी संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल पालघर जिले में 31 वर्षीय गर्भवती महिला कुंता वैभव पदवले की प्रसव के दौरान मृत्यु हो गई। यह घटना विक्रमगढ़ तालुका के गलटारे गांव की है, जहां प्रसव पीड़ा होने पर महिला को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर जवाहर के सरकारी पतंगशाह कॉटेज अस्पताल में रेफर किया गया। जवाहर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक भरत महाले ने जानकारी दी कि प्रसव के दौरान महिला को अचानक दिल का दौरा पड़ा, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई। डॉक्टरों ने बच्चे को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह भी नहीं बच पाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ताकि मृत्यु के कारणों की पुष्टि हो सके। हाल के दिनों में कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़ते जा रहे हैं। यह चिंताजनक है कि अब यह स्थिति गर्भवती महिलाओं में भी देखी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि बदलती जीवनशैली, तनाव, और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं इन घटनाओं के पीछे हो सकती हैं।

# विधायक ने बस में यात्रा कर जानी लोगों के मन की बात

▶▶ यात्री हुए आश्चर्यचकित, विधायक ने सीधी बातचीत कर समस्याएं सुनी

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

विधानसभा चुनाव में भारी जीत के बाद शहर के विधायक कुमार आयलानी सक्रिय रूप से नागरिकों की समस्याओं के समाधान में जुटे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने शहर की बस सेवा में औचक



निरीक्षण किया और नागरिकों से सीधी बातचीत की, जिससे उन्हें आम जनता की समस्याओं का पता चला।

### नागरिकों से संवाद और समस्याओं का समाधान

विधायक कुमार आयलानी ने दोपहर के समय 24 नम्बर स्कूल के पास अचानक गाड़ी से उतरकर मनपा की बस में यात्रा शुरू की। इस दौरान उन्होंने बस में यात्रा कर रहे लोगों से उनके अनुभव और समस्याएं पूछी। यात्रियों ने बताया कि बस सेवा से उन्हें बहुत लाभ हुआ है। पहले, वे शहर में यात्रा करने के लिए अधिक पैसा खर्च करते थे, लेकिन अब कम किराए पर यात्रा कर पा रहे हैं। विधायक कुमार आयलानी ने कहा कि आम आदमी की समस्याओं का समाधान करने से उन्हें बहुत शांति मिलती है।

### विधायक का प्रतिबद्धता और कार्यशैली

विधायक आयलानी नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उन्हें हल करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। वे शहर के विभिन्न मुद्दों पर लगातार काम कर रहे हैं, जिससे शहरवासियों को राहत मिल रही है।

# विधायक कुमार आयलानी ने पीडब्लूडी अधिकारियों की ली क्लास

कल्याण-बदलापुर सड़क का लेबल बढ़ाने से मकानों और दुकानों में जलभराव की आशंका

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

कल्याण से बदलापुर की ओर जाने वाली सड़क का लेबल शांति नगर से आगे बढ़ाकर ऊंचा किया गया है, जिससे मानसून के दौरान आस-पास के घरों और दुकानों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। इस जानकारी के सामने आते ही विधायक कुमार आयलानी ने पीडब्लूडी और मनपा के सिटी इंजीनियर को शांति नगर स्थित साईं बाबा मंदिर के पास बुलाया और मौके पर जाकर सड़क निर्माण में हुई गलती के लिए पीडब्लूडी अधिकारी प्रशांत मानकर को जमकर फटकार लगाई।



### सड़क निर्माण निधि की मंजूरी

इस सड़क के निर्माण के लिए निधि की मंजूरी विधायक कुमार आयलानी द्वारा दिलवायी गई थी। हालांकि, सड़क की प्लानिंग के समय पीडब्लूडी के अधिकारियों ने मनपा को सूचित नहीं किया था, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है।

### विधायक का निरीक्षण

विधायक कुमार आयलानी ने शुक्रवार को शांति नगर, साईं बाबा मंदिर के पास चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और पाया कि सड़क के लेबल को ऊंचा कर दिया गया है, जिससे आसपास की गली और घर काफी नीचे हो गए हैं और मानसून में जलभराव की समस्या हो सकती है। विधायक ने डॉल्फिन रोड, रेमंड शोरूम और साईं बाबा नगर तक के क्षेत्रों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को समस्या के बारे में बताया। सख्त रुख अपनाने पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर सड़क के लेबल की मार्किंग कर ली जाएगी।

### मनपा आयुक्त की मंजूरी जरूरी

विधायक कुमार आयलानी ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य आगे बढ़ाने से पहले मनपा आयुक्त विकास ढाकने की मंजूरी ली जाएगी। विधायक कुमार आयलानी ने स्पष्ट किया कि सड़कों का निर्माण जरूरी है, लेकिन नागरिकों की समस्याएं उत्पन्न करके सड़क नहीं बननी चाहिए। शहर अभियंता तरुण सेवकानी ने भी स्वीकार किया कि पीडब्लूडी विभाग ने सड़कों की प्लानिंग के दौरान मनपा को शामिल नहीं किया, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।

# सानपाड़ा इलाके में हुई गोलीबारी


▶▶ 5-6 राउंड की फायरिंग, एक व्यक्ति घायल

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई के सानपाड़ा के डी मार्ट परिसर में गोलीबारी की घटना सामने आई। अज्ञात आरोपी ने पांच से छह राउंड फायरिंग की। गोलीबारी में एक व्यक्ति के घायल होने की भी खबर है।

### तलाश में जुटी पुलिस

आरोपी ने पांच से छह राउंड फायरिंग की और फिर तुरंत ही घटनास्थल से फरार हो गया। शुरुआती जानकारी मिली है कि इस फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हुआ है। पुलिस को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली, वह मौके पर पहुंच गई और आरोपी की तलाश में जुट गई है। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया जा रहा है। यह व्यक्ति कौन था, उसने फायरिंग क्यों की, उसके पास पिस्तौल



कहां से आई, इसकी जांच पुलिस ने तुरंत शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दो आरोपियों ने फायरिंग की है और फायरिंग करने के बाद बाइक में सवार होकर भाग गए है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

### डीसीपी अमित काले ने दी जानकारी

नवी मुंबई क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित काले के मुताबिक, सानपाड़ा इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति पर फायरिंग की। उन्होंने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे सानपाड़ा इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति पर फायरिंग की, जिसमें वह घायल हो गया। उसकी हालत स्थिर है। मामले की आगे जांच की जा रही है।

# मजबूरी या रणनीतिक चाल !

## उद्धव ठाकरे-सुप्रिया सुले कर रहे देवेंद्र फडणवीस की तारीफ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



**शिवसेना** (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की खुलकर प्रशंसा की है। उन्होंने सामना अखबार में अपने एडीटोरियल के जरिए फडणवीस के हालिया गढ़चिरौली दौरे की सराहना की है। ठाकरे ने न केवल फडणवीस की मेहनत और जमीनी काम को सराहा, बल्कि उन्हें "गढ़चिरौली का मसीहा" तक कह डाला। साथ ही इसी लेख में पूर्व सीएम और मौजूद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की खिंचाई भी की गई है। इसके बाद महाराष्ट्र का सियासी पारा गरम हो गया है।

### उद्धव ठाकरे ने जमकर की फडणवीस की तारीफ

उद्धव ठाकरे ने लिखा कि फडणवीस ने गढ़चिरौली जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास की जो लकीर खींची है, वह राज्य के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने यह भी कहा कि फडणवीस का दौरा सिर्फ एक औपचारिकता नहीं था, बल्कि उन्होंने वहां के लोगों की समस्याओं को सुनकर तत्काल समाधान देने की कोशिश की।

### संजय राउत ने कही ये बात

सामना के इस लेख पर संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में मधुर संगीत की राजनीति का चलन है तो वहीं सुप्रिया सुले ने भी फडणवीस की तारीफ करते हुए कहा कि इस सरकार में कोई काम करते नजर आता है तो सिर्फ देवेंद्र फडणवीस ही हैं।

### बीजेपी की सामने आई प्रतिक्रिया

वही सामना के लेख पर विरोधी और सत्ता पक्ष से नेताओं की मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है। महाराष्ट्र बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सामना से पहले भी उम्मीद थी कि वह हमारे अच्छे किए हुए काम को आगे ले जाए, हमारी पीठ थपथपाये। चलो ठीक है देर से ही सही। सामना ने देवेंद्र फडणवीस की तारीफ की है। सामना से उम्मीद है कि वह आगे भी हमारे काम की तारीफ करें।

### शिंदे गुट ने ठाकरे पर साधा निशाना

शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता संजय शीरसाठ ने कहा कि मुझे लगता है पिछले कुछ दिनों में उन्होंने (उद्धव) अपने दिमाग का इलाज करा लिया है, हकीकत उनके सामने आ गई है। जो दिन का शुरुआत करते ही गालियां देना शुरू करते थे अब उनके सुर बदल गए हैं। उनके गठबंधन के नेताओं ने उनका साथ छोड़ दिया है। पार्टी इतनी कमजोर हो गई है कि आगे पीछे कोई नजर नहीं आ रहा। उन्हें अब सहारे की जरूरत है और सहारा ढूंढने के लिए तारीफ करना शुरू किया है।

### सीएम फडणवीस का भी आया बयान

वहीं, जहां उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी ने इसे शिवसेना उद्धव गुट की "राजनीतिक मजबूरी" बताया। वहीं खुद सीएम फडणवीस ने कहा कि अच्छा है मेरे काम की तारीफ हो रही है धन्यवाद।

### क्या सोचते हैं राजनीतिक विश्लेषक ?

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उद्धव ठाकरे के इस बयान के पीछे कई सियासी कारण हो सकते हैं। महाराष्ट्र में कॉर्पोरेशन,नगर निगम और स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनाव पास हैं और भाजपा-शिवसेना के बीच संबंध सुधरने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। सवाल ये उठता है कि क्या यह महाराष्ट्र की राजनीति में किसी बड़े बदलाव का संकेत है? या यह सिर्फ उद्धव ठाकरे की एक रणनीतिक चाल है? आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बयान का राज्य और केंद्र की राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ता है।

# 1.65 करोड़ की कोकीन, मेफेड्रोन, कोडीन जब्त



### दो नाइजीरियाई समेत 6 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने 1.65 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की, जिसमें कोकीन, मेफेड्रोन और कोडीन की बोतलें शामिल हैं। इस कार्रवाई के तहत 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें दो नाइजीरियाई नागरिक भी शामिल हैं। यह कार्रवाई एएनसी की घाटकोपर और वर्ली इकाइयों ने की।

**पहली घटना: कोकीन की जब्ती**
पहली घटना में, संजीव सरकार (40) को कुर्ला पूर्व से 1.18 करोड़ रुपये मूल्य की 396 ग्राम कोकीन के साथ पकड़ा गया।

**दूसरी घटना: कोडीन की जब्ती**
दूसरी घटना में, नयूम शेख (28) को गोवंडी से 900 बोतल कोडीन के साथ पकड़ा गया, जिसकी कीमत 4.5 लाख रुपये थी।

**तीसरी घटना: मेफेड्रोन की जब्ती**
तीसरी घटना में, एक महिला सहित दो नाइजीरियाई नागरिकों को 42.50 लाख रुपये मूल्य के 170 ग्राम मेफेड्रोन के साथ पकड़ा गया।

# 'सावित्रीबाई फुले के दिखाए समानता के मार्ग पर चलेगा महाराष्ट्र'

### सीएम फडणवीस बोले- जल्द पूरा होगा स्मारक का काम

**मुंबई/सातारा।** आधुनिक भारत की पहली शिक्षिका मानी जाने वाली सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पश्चिमी महाराष्ट्र के सातारा जिले में उनके जन्मस्थान नायगांव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता छगन भुजबल और राज्य मंत्री अतुल सावे मौजूद थे।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार 19वीं सदी के समाज सुधारक ज्योतिराव फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले द्वारा दिखाए गए समानता के मार्ग पर चलेगी। ज्योतिराव फुले ने जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, समानता की वकालत की और वंचित समुदायों के सशक्तीकरण के लिए काम किया। उन्हें और सावित्रीबाई फुले को भारत में महिला शिक्षा का अग्रदूत माना जाता है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती के अवसर पर सातारा के नायगांव में उनकी जन्मस्थली जाकर सावित्रीबाई की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सीएम ने क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की छवि को नमन किया। इस अवसर पर विधान परिषद के सभापति राम शिंदे, मंत्री पंकजा मुंडे, मंत्री अतुल सावे, मंत्री शंभुराज देसाई व अन्य उपस्थित थे।

### राज्य माता का किया पूजन




मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने सातारा में राज्य माता का दर्जा प्राप्त गोमाता का पूजन किया। इस दौरान उन्होंने गोमाता को गले लगाकर उसके प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया।

### सावित्रीबाई फुले की 200वीं जयंती मनाएंगे

सीएम फडणवीस ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार सावित्रीबाई फुले द्वारा दिखाए गए समानता के मार्ग पर काम करेगी। इस गांव के सरपंच द्वारा की गई मांग जल्द ही पूरी की जाएगी। अगले छह वर्षों में हम सावित्रीबाई फुले की 200वीं जयंती मनाएंगे। इससे पहले उनके स्मारक का काम पूरा हो जाना चाहिए। हम इस परियोजना के लिए पर्याप्त धनराशि सुनिश्चित करेंगे।

### महिलाओं को मिलेगा 33 आरक्षण

राज्य और देश में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा। हम आपको भरोसा दिलाते हैं कि हम राज्य में लखपति दीदी की संख्या बढ़ाएंगे। लखपति दीदी एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य होती है, जिसकी वार्षिक घरेलू आय एक लाख रुपये या उससे अधिक होती है।

# मध्य रेल महाप्रबंधक ने किया मनमाड़-दौंड खंड का निरीक्षण

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/पुणे

मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्म वीर मीना ने आज पुणे मंडल के मनमाड़-दौंड खंड का विस्तृत संरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलवे संरक्षा, परिचालन क्षमता और यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन किया।



### हाई स्पीड रन और कर्व निरीक्षण

निरीक्षण की शुरुआत येवला-कोपरगांव खंड पर हाई स्पीड रन से हुई। इसके बाद, कोपरगांव-कान्हेगांव खंड के गोदावरी ब्रिज और अन्य संरचनाओं का भी गहन निरीक्षण किया गया।

### पुणतांबा स्टेशन पर विशेष निरीक्षण

लॉबी, रनिंग रूम, एएसएम पैनल रूम, और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का मूल्यांकन किया गया। नवीनतम ट्रैक मशीनों और अल्ट्रासोनिक दोष पहचान मशीनों के प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। आरपीएफ डॉग स्क्वायड द्वारा नशीले पदार्थों की पहचान क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया।

### ब्रिज और लेवल क्रॉसिंग निरीक्षण

मुला ब्रिज और विभिन्न रोड अंडर ब्रिजों पर संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऊंचाई गेज और रखरखाव प्रक्रिया का निरीक्षण किया। बेलापुर-पढेगांव खंड में 130 किमी/घंटा की हाई स्पीड रन का आयोजन किया।

**सौर ऊर्जा परियोजनाओं का मूल्यांकन:** पढेगांव और दौंड में सोलर प्लांट का निरीक्षण और रिमोट से संचालन।

**यात्री सुविधाओं और संरचना निरीक्षण:** अहमदनगर स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का मूल्यांकन किया गया। यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया।

### महाप्रबंधक की बातचीत और सुझाव

महाप्रबंधक ने स्थानीय सांसद नीलेश लंके और अन्य जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की, जहां उन्होंने स्थानीय मुद्दों के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने यूनियन प्रतिनिधियों और जमीनी कर्मचारियों से भी चर्चा की और सुरक्षित ट्रेन संचालन और परिचालन दक्षता पर जोर दिया।



# अटल सेतु मार्ग पर बस किराए में 50 % कटौती

**मुंबई।** मुंबईवासियों की काम की खबर है। चूंकि, अटल सेतु मार्ग पर मुंबई से नवी मुंबई के बीच बस किराया 50% तक कम कर दिया गया है। अब बस यात्रा और किफायती हो गई है। नवी मुंबई महानगर परिवहन (NMMT) ने किरायों में कटौती की है, जिससे इस मार्ग पर यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खारघर-मंत्रालय मार्ग का किराया 270 रुपये से घटाकर 120 रुपये कर दिया गया है, जबकि नेरुल-मंत्रालय का किराया 230 रुपये से घटाकर 105 रुपये कर दिया गया है। आइये जानते हैं किस रूट पर कितना किराया देना होगा?

# घास के ढेर के नीचे छिपा था 2 करोड़ ज्वेलरी लूटने वाला शख्स



### मुंबई पुलिस ने दबोचा

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 3 ने अग्रीपाड़ा में ऋषभ ज्वेलर्स में हुई डकैती में शामिल दूसरे फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विनोद लखन पाल को 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच के बाद मध्य प्रदेश के निवाडी जिले के सिमराभाठा गांव से गिरफ्तार किया गया। उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के कंधारकला गांव का निवासी पाल पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है, जिसमें डकैती का एक पुराना मामला भी शामिल है। उसे सितंबर 2024 में जमानत पर रिहा किया गया था। मामले के पहले आरोपी संतोष लालता प्रसाद बालकिया को पहले उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से अग्रीपाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, डकैती को अंजाम देने के बाद आरोपी ठाणे के लिए टैक्सी किराए पर लेकर मौके से फरार हो गए, इसके बाद वे ऑटो-रिक्शा से भिवंडी बाईपास पहुंचे और नासिक के द्वारका सर्कल पहुंचने के लिए शेयर्ड टैक्सी का इस्तेमाल किया। वहां से वे एक निजी वाहन से भुसावल रेलवे स्टेशन पहुंचे और भोपाल के लिए ट्रेन में सवार हो गए। जांच में जुटी पुलिस ने मार्ग पर लगे लगभग 100-150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करके उनकी गतिविधियों पर बारीकी से नज़र रख रही थी। जांच में पता चला कि अभियुक्त मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में छिपे हुए थे।

### मामले की जांच की जा रही है

विस्तृत जांच से विनोद पाल के पिछले अपराधों में शामिल होने की पुष्टि हुई, उसका पता लगाने के लिए, क्राइम ब्रांच ने पांच विशेष टीमें बनाईं, जिन्होंने मध्य प्रदेश के निवाडी, दतिया और टीकमगढ़ जिलों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर जिलों में गहन तलाशी ली। पुलिस ने विनोद पाल को सिमराभाठा में अपने रिश्तेदार के पास एक कृषि क्षेत्र में छिपे हुए पाया। क्षेत्र दूर और पहुंच में चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद, टीम ने दो घंटे के ऑपरेशन के बाद अभियुक्त को पकड़ लिया।

सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड

# 'जांच में सामने आ रहे तथ्यों का खुलासा करें'

### उद्धव गुट के नेता अंबादास दानवे ने की मांग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

लगातार तूल पकड़ते जा रहे बीड के हाईप्रोफाइल सरपंच हत्याकांड मामले में नया मोड़ तब आया जब वाल्मीक कराड ने सरेंडर किया । अब नए मोड़ इस मामले में आ रहे हैं। इस मामले की जांच कर रही सीआईडी के खुलासों पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। क्योंकि इस मामले में कई लोगों के नाम सामने आने वाले हैं। जाहिर है कि विपक्ष इस मामले में बयानबाजी करने से बिलकुल नहीं चुक रहा है।

अब शिवसेना (उबाठा) नेता अंबादास दानवे ने सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड की जांच में सामने आ रहे तथ्यों का महाराष्ट्र सीआईडी से खुलासा करने की शुक्रवार को मांग की है। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि हत्याकांड और जबरन वसूली के मामले में मुकदमे की सुनवाई बीड जिले के बाहर होनी चाहिए। मामले में राकांपा नेता एवं राज्य में मंत्री धनंजय मुंडे के एक करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड को गिरफ्तार किया गया है।

### दानवे ने की थी मामले की सुनवाई बीड से बाहर कराने की मांग



इससे पहले अंबादास दानवे ने इस मामले की सुनवाई बीड जिले से बाहर कराने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच करने वाले अधिकांश अधिकारी बीड से हैं। कराड के खिलाफ कार्रवाई करने से इनकार करने वाले पुलिस कर्मियों को जांच टीम में शामिल किया जा रहा है। यहां सब कुछ स्क्रिप्टेड लग रहा है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने सीआईडी से कराड के कॉल रिकॉर्ड को भी सार्वजनिक करने की मांग की।

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020

**सार्वजनिक अधिसूचना**

पश्चिम रेलवे के नीचे उल्लेखित खंड के पूर्ण हो चुके खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को यह सूचित किया जाता है कि विरार में 1x25 केवी, 50 हर्ट्ज, एसी सिंगल फेज बाउंड्री एसपी (बीएसपी) सभी संबंधित स्विचगियर के साथ खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि को या उसके बाद सक्रिय हो जाएंगे। उसी तिथि से सभी उपकरण, बसबार, केबल, स्विच यार्ड में फीडर कंडक्टर और फीडर तार, पीटीएफई, ओवरहेड ट्रैक्शन तार, क्रॉस फीडर तार और संबंधित स्विचगियर को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त बाउंड्री सेक्शनिंग और पैरेललिंग पोस्ट और फीडर के निकट नहीं जाएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | ऊर्जाकरण की तिथि |
| --- | --- |
| 1x25 केवी, 50 Hz , AC सिंगल फेज | (उसी दिन या उसके बाद) |
| विरार बाउंड्री एसपी पोस्ट (किमी 61/28-61/34ए) | 10.01.2025 |

**पश्चिम रेलवे ने 02 जोड़ी विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाए**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | चलने के दिन | तक विस्तारित |
| --- | --- | --- | --- |
| 09301 | बांद्रा टर्मिनस - डॉ. अंबेडकर नगर (द्वि-साप्ताहिक) | गुरुवार और रविवार | 30 जनवरी, 2025 |
| 09302 | डॉ. अंबेडकर नगर - बांद्रा टर्मिनस (द्वि-साप्ताहिक) | बुधवार और शनिवार | 29 जनवरी, 2025 |
| 09412 | अहमदाबाद - थिविम (द्वि-साप्ताहिक) | बुधवार और रविवार | 08 जनवरी, 2025 |
| 09411 | थिविम - अहमदाबाद (द्वि-साप्ताहिक) | गुरुवार और सोमवार | 09 जनवरी, 2025 |

ट्रेन संख्या 09301, 09302 और 09412 की विस्तारित यात्राओं की बुकिंग काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर खुली है समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं

उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)
म्हाडा MHADA

टेलीफोन नं. 022-66405250, ई-मेल - eee.east1@gmail.com

संदर्भ संख्या EE/पूर्व/MSIB/etender/64/2024-25

**ई-निविदा सूचना संख्या 64**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) प्रभाग, मुंबई झुग्गी सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा नं. 536, चौथी मंजिल। गृह निर्माण भवन। बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नंबर (022) 66405251 संबंधित उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों या किसी सरकारी अर्ध सरकारी संगठन में पंजीकृत ठेकेदारों से बीआई (प्रतिशत दर) के रूप में 19 कार्यों के लिए खुली / नियमित ई-निविदा ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित कर रहा है। । विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध होंगे और महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते हैं, बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज की बिक्री दिनांक 06/01/2025 को रात 10.00 बजे से शुरू होकर दस्तावेज बिक्री की समाप्ति तिथि 20/01/2025, शाम 6.15 बजे तक होगी। शुद्धिपत्र / संशोधन यदि कोई हो तो केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Follow us:@mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/06
म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम. एस. आई. बी बोर्ड, मुंबई

**पश्चिम रेलवे**
**डाटा एंट्री ऑपरेशन कार्य की आउटसोर्सिंग**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 13 **निविदा सूचना संख्या: WR-PL-ME- EST-503659 दिनांक: 30.12.2024 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम और उसका स्थान:** "लोअर परेल वर्कशॉप में डाटा एंट्री ऑपरेशन कार्य की आउटसोर्सिंग।" **अनुमानित लागत:** 81,49,363.19/-। **ईएमडी:** 1,63,000/-। **ई-बोली ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** 28.01.2025, 13:00 बजे तक। और **ई-निविदाएँ खोलना:** 28.01.2025 को 13:30 बजे। बोली प्रपत्र और अन्य विवरण जैसे शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। 0913

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**पश्चिमी रेलवे प्रतिस्थापन, आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण कार्य**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (डब्ल्यू), पश्चिमी रेलवे कैरिज मरम्मत कार्यशाला, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013, **निविदा सूचना संख्या: EL-WA- PL-2024-25-38R आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** लोअर परेल कार्यशाला में एलटी पैनल और अन्य संबंधित विद्युत कार्य का प्रतिस्थापन, आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण। **कार्य की अनुमानित लागत**:49,94,263.78। **ईएमडी:** 99,900/-। **अंतिम निविदा प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 23.01.2025, 12:00 बजे तक और **निविदा खुलने की तिथि:** 23.01.2025 को 12:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0918

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008, आमंत्रित करता है: क्रमांक 1. **ई-टेंडर नोटिस संख्या: बीसीटी/24-25/247 दिनांक 31.12.2024। कार्य और स्थान:** वडाला रेलवे कॉलोनी में क्वार्टरों की मरम्मत और नवीनीकरण (रहने योग्य कमरे, शौचालय, बाथरूम और छत पर वॉटरप्रूफिंग)। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,58,99,947.41। **ईएमडी:** 2,29,500/-। **क्रमांक:** 2. **ई-टेंडर नोटिस संख्या:** बीसीटी/24-25/248 दिनांक 31.12.2024। **कार्य और स्थान:** चर्चगेट-विरार में हर महीने विध्वंस कार्यक्रम/अतिक्रमण हटाने और बाउंड्री वॉल में अनधिकृत प्रवेश को सील करके अतिक्रमण और अतिक्रमण की रोकथाम के लिए जेसीबी मशीन, ट्रक, डम्पर और मजदूरों को काम पर रखा जाएगा। **कार्य की अनुमानित लागत:** 2,02,86,275.26। **ईएमडी:**2,51,400/-। **उपरोक्त दोनों निविदाएँ:-जमा करने की तिथि और समय:** 24.01.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 24.01.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0917

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## संपादकीय

# निशाने पर मुजीब

बांग्लादेश में उग्र छात्र आंदोलन के बाद जो स्थितियां बनी हैं वे न तो इस देश के हित में हैं और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में। जनविद्रोह की स्थितियों के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के पलायन के बाद लगातार बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर्रहमान के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। जिसकी शुरुआत तब देखने को मिली, जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले साल 16 दिसंबर को बिजॉय दिबोश यानी विजय दिवस के मौके पर दिए गए संबोधन में युवा राष्ट्र के संस्थापक कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान का उल्लेख तक नहीं किया। उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत में भी विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1971 में जहां भारतीय रक्षा बलों के सामने पाकिस्तान की विशाल सेना के आत्मसमर्पण की याद दिलाता है, वहीं बांग्लादेश के दमन व अत्याचार से मुक्ति का भी दिन है। इस संदर्भ में मोहम्मद यूनुस ने जहां अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन को दुनिया के सबसे बुरे निरंकुश शासन के रूप में वर्णित किया, वहीं मुजीबुर्रहमान की पूरी तरह अवहेलना की। निश्चित रूप से यह देश के संस्थापक की उपेक्षा के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान है। दरअसल, राजनीतिक दुराग्रह के चलते अंतरिम सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को भले ही मिटा न सके,लेकिन वो इसे कमजोर करने पर जरूर अमादा है। यहां तक कि शैक्षिक पाठ्यक्रम से भी छेड़छाड़ की जा रही है। कहा जा रहा है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में बताएगी कि देश को आजाद कराने में मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही बांग्लादेश को स्वतंत्र करने की घोषणा की थी। इस तरह अराजकता व अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच नये विमर्श गढ़ने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, अंतरिम सरकार और कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। निश्चित रूप से बांग्लादेश मुक्ति अभियान के दौरान जियाउर रहमान एक सम्मानित सैन्य अधिकारी थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने 1971 के युद्ध में विशिष्टता के साथ सेवाएं दी थी। वे कालांतर बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी बने थे। अपदस्थ सरकार के कर्ताधर्ता दलीलें दे रहे हैं कि उनके योगदान को राष्ट्र द्वारा उचित रूप से सम्मान देना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि इसके जरिये मुजीबुर्रहमान के योगदान को कम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार करना अनुचित ही होगा। दरअसल, यह सिर्फ सत्ता के केंद्र में आए व्यक्तियों की बयानबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि बांग्लादेश में मुजीब के चित्र वाले नोटों को भी चरणबद्ध तरीके से बंद करने की कुत्सित कोशिशें की जा रही हैं। निश्चित रूप से गलत दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि तमाम निर्णय कहीं न कहीं राजनीतिक दुराग्रहों से प्रेरित हैं। इसके बावजूद कि बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार खुद को बार-बार अराजनीतिक कहने से नहीं चूकती। असल में, छात्र नेता दबाव बना रहे हैं कि वर्ष 1972 के बांग्लादेश के संविधान को फिर लिखा जाए। वे संविधान को मुजीबिस्ट चार्टर बता रहे हैं। आरोप है कि इसी ने भारत की आक्रामकता का मार्ग प्रशस्त किया। निश्चित रूप से मुजीब विरोधी आख्यान और भारत विरोधी बयानबाजी मिलकर बांग्लादेश की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं पर पानी फेर सकती हैं। ढाका को सलाह दी जानी चाहिए कि न तो वो दिल्ली से रिश्ते खराब करे और न ही मुजीब को इतिहास के कबाड़ के हवाले करे।

# अंदरूनी संघर्ष व बाहरी दबावों से निपटने की रणनीति

**जी.पार्थसारथी**



वर्ष 1971 में अपने जन्म के काल में अमेरिका-चीन जैसे एक अजीब और आभासीय गठबंधन की चालों का सामना करने के बावजूद, हाल के वर्षों में बांग्लादेश ने तेजी से आर्थिक विकास का रिकॉर्ड बनाया है। 1971 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से, अनिश्चितताएं और निरंतर प्राकृतिक आपदाएं झेलने के बावजूद, इसने आर्थिक विकास में मजबूती और गरीबी में कमी होते देखी है। जन्म के समय दुनिया के सबसे गरीब देशों में गिने जाने से लेकर 2015 आते-आते यह मुल्क निम्न-मध्यम आय की स्थिति में पहुंच गया। इस बीच, इसकी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हाल ही में अंतरिम सरकार- जिसकी बागडोर एक अमेरिका शिक्षित कृषक और नोबेल पुरस्कार विजेता, मोहम्मद यूनुस के हाथ में है- के नेतृत्व में स्थानीय 'अफसरों' द्वारा गिरफ्तार किए जाने की धमकी के बाद भारत में शरण लेनी पड़ी है। यूनुस एवं बांग्लादेश ग्रामीण बैंक को 2006 में 'निचले स्तर से आर्थिक एवं सामाजिक विकास करने' की दिशा में कार्य के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। साल 1983 में स्थापित इस बैंक का उद्देश्य गरीब लोगों को आसान शर्तों पर छोटे ऋण प्रदान करना है, जिसे 'माइक्रो-क्रेडिट' भी कहा जाता है।

शेख हसीना, जो अब भारत में निर्वासन में रह रही हैं, उन्होंने 1975 में अपने पिता शेख मुजीब-उर-रहमान को एक खूनी सैन्य तख्तापलट में मारे जाते देखा था। साल 1971 में मुजीब अगुवाई करके अपने लोगों को स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक शासन की ओर ले गए थे। कदाचित्, अमेरिका और चीन, दोनों ही, शेख मुजीब और उनकी बेटी के प्रति अविश्वास और नापसंदगी की भावना पाले रहे।

हसीना, जो नैसर्गिक रूप से भारत के प्रति दोस्ताना थीं, उन्हें अमेरिका और चीन के तत्कालीन गठबंधन द्वारा सोवियत विरोध के तहत चली गैर-मैत्रीपूर्ण भावनाओं का सामना करना पड़ा था। उनके बाद बांग्लादेश में ऐसी सरकारें आईं, जिन्हें भारत जरा भी सुहाता नहीं था। हालांकि, समय के साथ चीजें बदलते गईं। अगर शेख मुजीब को 1970 के दशक में अमेरिका और चीन की दुश्मनी का सामना करना पड़ा था, तो आज की तारीख में उनकी बेटी और उत्तराधिकारी वैसी ही स्थिति का सामना कर रही हैं। वर्तमान में अमेरिका और चीन बिल्कुल भी अच्छे दोस्त नहीं हैं, जैसाकि वे 1970 के दशक की शुरुआत में हुआ करते थे।

अमेरिका-चीन के विरोधी रुख का सामना करने के बावजूद, हसीना का अपने राष्ट्र की रणनीतिक स्वायत्तता, आर्थिक विकास और धर्मनिरपेक्षता के प्रति प्रतिबद्धता का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। वह पाकिस्तान की सैन्य ज्यादतियों से अपने देश की मुक्ति में भारत की भूमिका को भी नहीं भूलीं। बांग्लादेश अब ऐसी स्थिति का सामना कर रहा है, जहां अमेरिका समर्थित यूनुस देश के नेतृत्व में एक प्रमुख खिलाड़ी बन गए हैं। यह खुला रहस्य है कि यूनुस का अमेरिका के प्रति झुकाव है, जिसने हाल ही में उन्हें बांग्लादेश सरकार का प्रमुख नियुक्त करने में मदद की है। दिलचस्प बात यह है कि हसीना को हटाने के पीछे न केवल बाइडेन प्रशासन बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वी चीन का भी समर्थन रहा। यह भी रोचक है कि यूनुस को हसीना के उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त करने के बारे में चीन और अमेरिका, दोनों के विचार, एक जैसे प्रतीत होते हैं। सनद रहे यूनुस की अपनी उच्च राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं कि अमेरिका और चीन सहित कई पक्षों ने मिलकर हसीना को बदनाम करने के लिए ठोस प्रयास किए। यह कोशिशें उस आर्थिक प्रगति को नजरअंदाज करती हैं जो बांग्लादेश ने उन वर्षों में हासिल की जब वहां सरकार हसीना की थी। इससे अधिक, बांग्लादेश का नया नेतृत्व तय करने या निर्वाचित सरकार को कमजोर करने के पीछे न केवल विदेशी ताकतों की भूमिका रही है बल्कि बांग्लादेश के खुद अपने लोगों की भी। बांग्लादेश के विकास में आज भारत सबसे बड़ा साझीदार है। भारत ने जहाजरानी, बंदरगाह, सड़कों और रेलवे जैसे क्षेत्र के आधुनिकीकरण और विकास के लिए 8 बिलियन डॉलर का तिहरा ऋण प्रदान किया है। चीन और पाकिस्तान, हर हीले-हवाले, हिंद महासागर में भारत के प्रभाव को रोकने और सीमित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, जहां के जलमार्गों से होकर, होरमुज़ जलडमरू से तेल की आपूर्ति मलक्का जलडमरू और उससे परे तक होती है।

ट्रम्प प्रशासन के कार्यभार संभालने के साथ ही, भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और अन्य समान विचारधारा वाले देशों के साथ व्यापक बातचीत करनी चाहिए। समुद्र के नीचे बिछी अपनी संचार लाइनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह करना जरूरी है। इस बीच, भारत विमानवाहक पोत और लड़ाकू युद्धपोत से लेकर मिसाइल शक्ति तक की शस्त्र प्रणालियों में अपनी समुद्री क्षमताओं का विकास कर रहा है। यह उसे अमेरिका, जापान और अन्य समान विचारधारा वाले देशों के साथ, अति महत्वपूर्ण फारस की खाड़ी के देशों के साथ सहयोग करने में सक्षम बनाता है। इस क्षेत्र में बनी असुरक्षा और अस्थिरता का नतीजा वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बहुत घातक हो सकता है। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रुचि उनके हाल के कुवैत दौरे से स्पष्ट है।

अब जबकि भारत को बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में शामिल होने से बचना होगा वहीं हसीना को शरण देना जारी रखना चाहिए। भारत को अमेरिका और अन्य देशों के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बांग्लादेश अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत कर सके और वहां स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हो पाएं, जिसमें हसीना और उनकी पार्टी के लोग भी भाग लेने के लिए स्वतंत्र हों।

## जीवन मंत्र

**रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य**

# जो यश दे, वह यशोदा

> संत कहते हैं और शास्त्रों में भी वर्णित है कि सबको यश, प्रशंसा मिलती है किसी कार्य की सफलता के बाद। यही यश है। इसे ही आदमी निगलना चाहता है कि हमने ही किया। सहयोगियों में यश का बंटवारा करने की प्रवृत्ति सिकुड़ती जा रही है।



सनातन धर्म में दूसरों को यश देना आवश्यक है। दूसरों को यश नहीं देने से बिखराव होता है। जो दूसरों को यश दे, उसे यशोदा कहते हैं। संत कहते हैं और शास्त्रों में भी वर्णित है कि सबको यश, प्रशंसा मिलती है किसी कार्य की सफलता के बाद। यही यश है। इसे ही आदमी निगलना चाहता है कि हमने ही किया। सहयोगियों में यश का बंटवारा करने की प्रवृत्ति सिकुड़ती जा रही है। आज हम देखते हैं कि जो बडे.नेता हैं, जो राष्ट्राध्यक्ष हैं, जो बडे.अधिकारी हैं, जो भी जहां बड़प्पन या बड़े पद से जुड़े हैं, वे इस मामले में कंजूसी कर देते हैं। अच्छे संसाधन व अच्छी शिक्षा देने में कभी कंजूसी न करें। आपको जो यश मिला है, उसका बंटवारा करें। इसी को यशोदा कहते हैं। संत शिरोमणि डोंगरे जी कहते थे, जब कोई आता था नंद जी के घर बधाई देने, तब यशोदा जी कहती थीं कि आपके ही आशीर्वाद से लल्ला कितना सुंदर, कितना संस्कारी, कितना मनमोहक हुआ है, जो वैभव इसके रोम-रोम में आया है, आपके आशीर्वाद से ही है। आपने मंगल कामना की, आपने भगवान से कामना की, आपने संयम-नियम किया, आपने उपासना की, इस बच्चे के लिए। नहीं तो मेरी पात्रता नहीं दिख रही थी कि यह मेरे यहां आते। सबको यश देती थीं, इसलिए उनका नाम रख दिया यशोदा।

जो धन देता है, उसे धनदा बोलते हैं। जो कंबल देता है, उसे कंबलदा कहते हैं। ऐसे ही, जो यश दे, उसे यशोदा कहते हैं। तो शुरू से बच्चों को इसकी शिक्षा दी जाए, जीवन के विकास के लिए यह ज्ञान का बीजारोपण है। जीवन के महान विकसित महल की यह बहुत मजबूत प्रशंसनीय नींव है कि हम बच्चों को शुरू से ही सिखलाएं कि कैसे यश बांटना है, धन बांटना है, ज्ञान बांटना है, भोजन बांटना है। अपना सब कुछ बांटना है। जो भी उपलब्धियां हैं, उनको बांटना है। फिर आदमी रामराज्य का रक्षक, सिपाही हो जाता है। इसी सूत्र को लेकर भरत जी ने राम जी की चरण पादुका को सिंहासन पर स्थापित किया।

अभी जो दृश्य हैं, उसमें बहुत-बहुत विकृतियां हैं। कोई दूसरे को कुछ भी देना नहीं चाहता। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि उनको बचपन से यह शिक्षा ही नहीं दी गई। इसीलिए आज की दुनिया का सबसे बड़ा सिद्धांत हो गया है, फूट डालो और राज करो! दूसरों को निगल जाओ और अपने अस्तित्व को बरकरार रखो। हमें मतलब नहीं कि आपका क्या होगा? हमें बस इससे मतलब है कि हम सबसे बड़े, सबसे धनवान हैं, संपूर्ण संसार में हमारा दबदबा है।... सनातन से संस्कारित परिवारों को बाल्यावस्था से ही अपनी संतानों को समस्त उपलब्धियों को परस्पर बांटकर संपूर्ण जीवन जीने की शिक्षा देनी चाहिए।

## शख्सियत | वलियावीटिल दीजू

# छह बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी



वलियावीटिल दीजू, जिन्हें वी. दीजू के नाम से भी जाना जाता है। केरल के कोझिकोड के एक भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने छह बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता, एक बार पुरुष युगल में और पांच बार मिश्रित युगल में। उन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, ज्वाला गुट्टा के साथ मिश्रित युगल में ओलंपिक में भाग लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। वह अर्जुन पुरस्कार 2014 के विजेता हैं, जो राष्ट्रीय खेलों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि को मान्यता देने के लिए भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा दिया गया था।

वलियावीटिल दीजू का जन्म 4 जनवरी 1981 में रामनट्टुकरा, कोझिकोड, केरल में हुआ था। दीजू ने 1997 में हांगकांग में आयोजित एशियाई जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करके अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की।

2002 में, उन्होंने और सनावे थॉमस ने जसील पी. इस्माइल और जैसन जेवियर को चार गेम में हराकर भारतीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष युगल का खिताब जीता। उन्होंने ज्वाला गुट्टा के साथ जर्मनी में 2008 बिटबर्गर ओपन जीता। यह भारत की पहली मिश्रित युगल ग्रां प्री जीत थी। दीजू पांच बार के राष्ट्रीय मिश्रित युगल चैंपियन हैं।

2006 में, उन्होंने मेलबर्न में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीता। दीजू-गुट्टा की जोड़ी 2009 में हैदराबाद में आयोजित इंडियन ओपन में उपविजेता रही थी। वे फाइनल में इंडोनेशियाई फ्लैंडी लिम्पेल और वीटा मारिसा से हार गए थे। वह जी. वी. राजा पुरस्कार के विजेता भी हैं, जो केरल में खिलाड़ियों के लिए सर्वोच्च सरकारी स्तर की मान्यता है। वह जिमी जॉर्ज पुरस्कार 2014 के विजेता हैं। वह विवेकानन्द खेल उत्कृष्टता पुरस्कार 2014 के भी विजेता हैं।

उन्होंने 2014 में युवा उत्कृष्टता पुरस्कार भी जीता। वह विश्व बैडमिंटन रैंकिंग (बीडब्ल्यूएफ) में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले भारत के एकमात्र मिश्रित युगल खिलाड़ी हैं। उनकी सर्वोच्च रैंकिंग विश्व रैंकिंग में छठा नंबर है।केरल सरकार ने उन्हें 2012-13 के लिए जी वी राजा पुरस्कार प्राप्तकर्ता घोषित किया।

## जीवन ऊर्जा

**गोपालदास 'नीरज': जन्म 4 जनवरी 1924** | **जन्म**

> गोपालदास 'नीरज' का जन्म 4 जनवरी 1924 को इटावा (उत्तर प्रदेश) में हुआ। हिन्दी गीतों का पर्यायवाची बन चुके नीरज महाविद्यालय में प्राध्यापक रह चुके हैं। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ने उन्हें हिन्दी की वीणा का नाम दिया था। नीरज जब मंच पर झूम कर काव्यपाठ करते हैं तो श्रोताओं मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। भारत सरकार के पद्म श्री और पद्म भूषण जैसे अलंकरणों से अलंकृत गोपालदास 'नीरज' हिन्दी काव्य जगत् की गरिमा हैं। गीतकार व कवि गोपालदास 'नीरज' का 19 जुलाई 2018 की सांय दिल्ली के एम्स में देहांत हो गया। 'नीरज' 93 वर्ष के थे।

# कविता काटती नहीं, तोड़ती नहीं, जोड़ती है



मेरे कुछ मित्रों का आग्रह है कि मैं अपनी कविता की व्याख्या करूँ। जब मुझसे आग्रह किया गया तब मैंने स्वीकार कर लिया, पर अब जब व्याख्या करने बैठा तो पाता हूं कि असमर्थ हूं। मेरे विचार से कविता की और विशेष रूप से गीत की व्याख्या नहीं हो सकती। वह क्षण जो कण्ठ को स्वर और अधरों को वाणी दे जाता है, कुछ ऐसा अचिन्त्य, अनुपम और अनमोल है कि पकड़ में ही नहीं आता। उसे पकड़ने के लिए तो स्वयं खो जाना पड़ता है और जहां खोकर पाना हो वहां व्याख्या कैसे की जाय ?

गद्य जहां असमर्थ है, वहां कविता जन्म लेती है और जहां कविता भी लाचार है, वहां गीत आता है, लिखे जाने का अर्थ गद्य है और गाए जाने का अर्थ गीत है। फिर से लिखे जाने से गाए जाने की व्याख्या कैसे की जाए ? जीवन जहां तक एक है, वहां तक वह काव्य है। जहां एक न होकर वह अनेक है वहां विज्ञान है। अनेकत्व से एकत्व की ओर जाना कविता करना है। और एकत्व से अनेकत्व की ओर आना तर्क करना है। व्याख्या तर्क ही है। तर्क का अर्थ है काटना—टुकड़े करना। किन्तु कविता काटती नहीं, तोड़ती नहीं, जोड़ती है। अभेद में भेद के ज्ञान की शर्त है तर्क, भेद में अभेद की सृष्टि का भाव है काव्य। तर्क द्वारा जो सत्य प्राप्त होता है, वह सत्य तो हो सकता है, किन्तु सुन्दर नहीं और जो सुन्दर नहीं है, वह आनन्द तो कभी भी नहीं बन सकता। किन्तु काव्य में सुन्दर के बिना सत्य की गति नहीं। इसीलिए साहित्य के क्षेत्र में जब हम 'सत्यं' शब्द का प्रयोग करते हैं, तब उसका योग 'शिवं' और सुंदरं' से अवश्य करा देते हैं। हमें अकेला सत्य अभीष्ट नहीं, सत्य का गुण भी हमारा इष्ट है, इसीलिए हम कहते हैं—'सत्यं, शिवं, सुन्दरम्'।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# मनुष्य अपने प्राण बचाने हेतु हर संभव प्रयास करता है

जीवन अमूल्य है, हम यह न भूलें कि जिस तरह हमें अपनी जान प्यारी है, उसी तरह सभी जीवों को भी अपनी जान उतनी ही प्यारी है, लेकिन वो अपनी जान बचाने में असमर्थ हैं। मनुष्य अपने प्राण बचाने हेतु हर संभव प्रयास कर सकता है। बोलकर, रिझाकर, डराकर, रिश्वत देकर आदि आदि । पशु न तो बोल सकते हैं, न ही अपनी व्यथा बता सकते हैं। तो क्या बस इसी कारण उनसे जीने का अधिकार छीन लिया जाए?



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556

स्वभाव कठोर है, तो कमल का ध्यान करें, स्वभाव कोमल हो जाएगा। चंचल स्वभाव है तो ऐसा चिंतन करें कि 'मैं शांत आत्मा हूं, चिन्मय आत्मा हूं, चैतन्य आत्मा हूं। चंचलता मन में है, उसको जानने वाला, चल मन को जानने वाला अचल मेरा आत्मा-परमात्मा है। ॐ ॐ ॐ। थोड़े दिन में स्वभाव ठीक हो जाएगा ।

ॐऽऽऽ उच्चारण किया और जितनी देर उच्चारण



किया उतनी देर शांत हो जाए, ध्यान में डूबता जाए। अगर ऐसा 10-15 मिनट सुबह-शाम करे, गीता का पाठ करे, युवाधन-सुरक्षा के नियमों पर अमल करे और भगवान को, सदगुरु को एकटक देखे, उनसे बातें करे, प्रेरणा ले फिर अंतर में डुबकी मारे तो कितना भी पतित, कैसा भी गिरा हुआ व्यक्ति हो, उसका पतन बंद होने लगेगा, मन पवित्र होने लगेगा। वह मंगल के रास्ते चल पड़ेगा।

तुलसी के थोड़े पत्ते पानी में डाल के उसे सामने रखकर भगवद्गीता का पाठ करे । फिर घर के सभी लोग मिल के भगवान के नाम का कीर्तन करके वह पवित्र जल सब लोग ग्रहण करे । यह प्रयोग करने से घर के झगड़े मिटते है, शराबी की शराब छुटती है और घर में सुख शांति का वास होता है ।

रात को भिगोये हुए ४ बादाम सुबह छिलका उतारकर १० तुलसी पत्तों और ४ काली मिर्च के साथ अच्छी तरह पीस लें। फिर आधा कप पानी में इनका घोल बना के पीने से विभिन्न प्रकार के हृदयरोगों में लाभ होता है। इससे मस्तिष्क को पोषण मिलता है एवं रक्त की वृद्धि भी होती हैं ।

## अपने विचार

### पीएम मोदी का वार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली सरकार को 'आपदा सरकार' बताते हुए घोटाले और सीनाजोरी के आरोप लगाए। उन्होंने दिल्लीवासियों से सरकार बदलने की अपील की।

### केजरीवाल का पलटवार



अरविंद केजरीवाल ने पीएम के 43 मिनट के भाषण पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के पास न सीएम फेस है और न एजेंडा।

### सिद्धू की सलाह



पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कप्तानों को बीच में हटाने के फैसले पर आपत्ति जताते हुए इसे गलत संकेत बताया।

### फडणवीस का समर्पण



देवेन्द्र फडणवीस ने ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के समानता के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया, उन्हें महिला शिक्षा का अग्रदूत बताया।

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# वालधुनी नदी पर बने पुल का डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर नामकरण

## महाविकास आघाड़ी ने किया उद्घाटन

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

वालधुनी नदी पर संजय गांधी नगर से गौशाला को जोड़ने वाले नवनिर्मित पुल का शुक्रवार को महाविकास आघाड़ी के पदाधिकारियों द्वारा उद्घाटन किया गया। इस पुल का नामकरण भारतीय संविधान के शिल्पकार भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के नाम पर किया गया।




### पुल निर्माण और उद्घाटन में देरी

कैंप 3 स्थित पुराने पुल के खतरनाक हो जाने पर ढाई वर्ष पहले महानगरपालिका ने उसे तोड़कर नया पुल बनाने का निर्णय लिया था। दो महीने पहले पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका था, लेकिन उद्घाटन में देरी हो रही थी। नागरिकों ने पुल का नाम डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के नाम पर रखने की मांग की थी।

### सावित्रीबाई फुले जयंती पर उद्घाटन

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर नामक पुल का उद्घाटन सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर किया गया। महाविकास आघाड़ी के पदाधिकारियों ने इस मौके पर पुल पर नाम पट्टिका लगवाई।

### मुख्य अतिथि और पदाधिकारी

इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी प्रवक्ता शिवाजी रगड़े, उपशहर प्रमुख भगवान मोहिते, विभाग प्रमुख दशरथ चौधरी, आदिनाथ पालवे, अशोक जाधव, मॉन्टी राजपूत, शशी भूषण सिंह, साहेबराव ससाणे, ऐड. महेश फुंडे, अजीज शेख, सिराज खान सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। महानगरपालिका से आग्रह किया गया कि पुल पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के नाम की बड़ी पट्टिका लगाई जाए ताकि यह नागरिकों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बने।

# तरुण जैन ने पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक का कार्यभार किया ग्रहण

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारतीय रेलवे यातायात सेवा (1993 बैच) के वरिष्ठ अधिकारी तरुण जैन ने पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वे मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवाएं और खानपान) के पद पर कार्यरत थे। तरुण जैन ने अपने लगभग 31 वर्षों के करियर में भारतीय रेलवे में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने पश्चिम रेलवे और उत्तर पश्चिम रेलवे में वाणिज्य, परिचालन और सामान्य प्रशासन विभागों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है और इन क्षेत्रों में विविध अनुभव प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, वे INSEAD सिंगापुर और एंटवर्प, बेल्जियम में पोर्ट मैनेजमेंट से जुड़े प्रशिक्षण के लिए भी चुने गए थे।



### शिक्षा और प्रारंभिक करियर

तरुण जैन ने अपनी बी.टेक की डिग्री मौलाना आज़ाद कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी, भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्राप्त की और भारतीय रेलवे में अपनी सेवा शुरू की।

## तरुण जैन की प्रमुख उपलब्धियाँ

### पश्चिम रेलवे पर यात्री सेवाओं का सुधार

जैन ने जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 तक मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवाएं और खानपान) के रूप में कार्य करते हुए यात्री सुविधाओं और स्टेशन सुधार की योजनाओं को संभाला। इनमें भारतीय रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना (ABSS) शामिल थी।

### बेस किचन की स्थापना

जैन ने पश्चिम रेलवे पर बेस किचन की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके परिणामस्वरूप पश्चिम रेलवे ने 2024 में नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के लिए पहली दक्षता शील्ड जीती।

### अहमदाबाद मंडल रेल प्रबंधक के रूप में रिकॉर्ड लोडिंग वृद्धि

अहमदाबाद के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने मंडल की लोडिंग को रिकॉर्ड 38% तक बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो भारतीय रेल में सबसे अधिक साल-दर-साल वृद्धि में से एक थी।

### वंदे भारत ट्रेन का संचालन

उनके कार्यकाल के दौरान स्वदेशी वंदे भारत ट्रेन को चलाया गया, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री ने यात्रा की।

### उत्तर पश्चिम रेलवे में कार्य

उत्तर पश्चिम रेलवे में मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने कोविड-19 के दौरान श्रमिक स्पेशल ट्रेन चलाने सहित समय सारणी को पुनर्गठित किया, जिसके परिणामस्वरूप परिचालन दक्षता और ट्रेन गति में सुधार हुआ।

# ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कई ट्रेनें प्रभावित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

जयपुर मंडल के जयपुर-सवाई माधोपुर खंड पर सिरस और बनस्थली निवाई स्टेशनों के बीच आरसीसी स्लैब को पीएससी स्लैब से बदलने के लिए 12 जनवरी, 2025 को ब्लॉक लिया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा विज्ञप्ति के अनुसार निरस्त, शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

### परिवर्तित मार्ग की ट्रेनें



इसी प्रकार 11 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 12979 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कोटा-चंदेरिया-अजमेर और जयपुर के रास्ते चलेगी। यह ट्रेन चंदेरिया और भीलवाड़ा में भी रुकेगी। 12 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया अजमेर-चंदेरिया-रतलाम के रास्ते चलेगी। यह ट्रेन भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच और मंदसौर में भी रुकेगी।

### शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट ट्रेनें

11 जनवरी, 2025 को प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 12955 मुंबई सेंट्रल-जयपुर एक्सप्रेस सवाई माधोपुर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। परिणामस्वरूप, यह ट्रेन सवाई माधोपुर और जयपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। 12 जनवरी, 2025 को प्रस्थान वाली ट्रेन संख्या 12956 जयपुर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस सवाई माधोपुर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। परिणामस्वरूप, यह ट्रेन जयपुर और सवाई माधोपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### निरस्त ट्रेनें

ब्लॉक के कारण 13 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 14802 इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस, 11 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 14801 जोधपुर-इंदौर एक्सप्रेस, 12 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 12465 इंदौर-भगत की कोठी एक्सप्रेस और 12 जनवरी, 2025 की ट्रेन संख्या 12466 भगत की कोठी-इंदौर एक्सप्रेस निरस्त हेंगी।

# महापारेषण में उत्साहपूर्वक मनाई गई क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती

## महापारेषण कार्यालय में विशेष आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण) ने 3 जनवरी 2025 को क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर सावित्रीबाई फुले की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति

महापारेषण के निदेशक (मानव संसाधन) सुगत गमरे ने पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अभियंता महेंद्र वालके, सुनील सूर्यवंशी, भूषण बल्लाल, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अवसर पर भाग लिया।

### सावित्रीबाई फुले के योगदान का स्मरण

संचालक (मानव संसाधन) सुगत गमरे और मुख्य विधिक सलाहकार डॉ. कीर्ति कुलकर्णी ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डाला।

### कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन भारती कांबले ने किया। इस आयोजन में महापारेषण के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मध्य रेल पर रविवार को मेगा ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 05.01.2025 को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण निम्नानुसार है:




### माटुंगा-मुलुंड अप और डाउन स्लो लाइन सुबह 11.05 बजे से दोपहर 3.55 बजे तक

- सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.14 बजे से दोपहर 3.52 बजे तक छूटने वाली डाउन स्लो लाइन की सेवाएं माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो सायन, कुर्ला, घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड स्टेशनों पर रुकेंगी और फिर मुलुंड स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर पुनः डायवर्ट की जाएंगी और निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी।
- सुबह 11.07 बजे से दोपहर 3.51 बजे तक ठाणे से छूटने वाली अप स्लो लाइन की सेवाएं मुलुंड में अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच मुलुंड, भांडुप, विक्रोली, घाटकोपर, कुर्ला और सायन पर रुकेंगी और फिर माटुंगा स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर पुनः डायवर्ट की जाएंगी और अपने गंतव्य पर निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से पहुंचेंगी

### पनवेल-वाशी अप और डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.05 बजे से शाम 4.05 बजे तक (नेरुल/बेलापुर-उरण पोर्ट लाइन को छोड़कर)

- पनवेल से सुबह 10.33 बजे से दोपहर 3.49 बजे तक सीएसएमटी मुंबई की ओर छूटने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएं और सुबह 9.45 बजे से दोपहर 3.12 बजे तक सीएसएमटी मुंबई से छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन की सेवाएं निलंबित रहेंगी।
- सुबह 11.02 बजे से दोपहर 3.53 बजे तक पनवेल से ठाणे की ओर जाने वाली अप ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं और सुबह 10.01 बजे से दोपहर 3.20 बजे तक ठाणे से पनवेल की ओर जाने वाली डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं निलंबित रहेंगी।
- ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी-वाशी सेक्शन पर विशेष लोकल ट्रेनें चलेंगी।
- ब्लॉक अवधि के दौरान ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।
- ब्लॉक अवधि के दौरान बेलापुर/नेरुल और उरण स्टेशनों के बीच पोर्ट लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

# महिला शिक्षा की प्रणेता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**



आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने 3 जनवरी 2025 को मनपा मुख्यालय में महिला शिक्षा की प्रणेता क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती पर सावित्रीबाई फुले को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उपायुक्त वंदना गुलवे, स्वाति देशपांडे-कुलकर्णी, संजय जाधव, मनपा सचिव किशोर शेलके, कार्यकारी अभियंता शैलेश कुलकर्णी, अशोक घोडे, योगेश गोटेकर, अचीवर्स कॉलेज के भिवंडीकर सर, मनपा सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी माधवी पोफले, सहायक सुरक्षा अधिकारी सुरेश पवार सहित अनेक महिला-पुरुष कर्मचारियों और उपस्थित नागरिकों ने भी सावित्रीबाई फुले की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित की। मनपा स्कूलों में भी स्कूली विद्यार्थियों ने सावित्रीबाई फुले की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# पश्चिम रेलवे द्वारा 2 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर 2 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित किए गए हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

### बांद्रा टर्मिनस- डॉ. अम्बेडकर नगर स्पेशल (द्वि-साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09301 बांद्रा टर्मिनस- डॉ. अम्बेडकर नगर स्पेशल को अब 30 जनवरी, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09302 डॉ. अम्बेडकर नगर- बांद्रा टर्मिनस स्पेशल को अब 29 जनवरी, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

### अहमदाबाद- थिविम स्पेशल (द्वि-साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09412 अहमदाबाद- थिविम स्पेशल को अब 08 जनवरी, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09411 थिविम-अहमदाबाद स्पेशल को अब 09 जनवरी, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

# चर्चगेट-मुंबई सेंट्रल के बीच 5 जनवरी को जंबो ब्लॉक

## पाँच घंटे ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच 5 जनवरी, 2025 को सुबह 10:35 बजे से दोपहर 3:35 बजे तक ट्रैक, सिग्नलिंग और ओवरहेड उपस्करों के रखरखाव के लिए जंबो ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान उपनगरीय ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा, और कई ट्रेनें फास्ट लाइनों पर चलाई जाएंगी।

# पश्चिम रेलवे महाकुंभ मेले के अवसर पर चलाएगी 3 वन-वे स्पेशल ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तथा महाकुंभ मेला-2025 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए मुंबई सेंट्रल - लखनऊ, भावनगर टर्मिनस - लखनऊ और साबरमती - लखनऊ के बीच विशेष किराये पर तीन वन-वे स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।

ट्रेन संख्या 09011 मुंबई सेंट्रल-लखनऊ स्पेशल सोमवार, 06 जनवरी, 2025 को मुंबई सेंट्रल से 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13:00 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी और कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रुकेगी।

ट्रेन संख्या 09235 भावनगर टर्मिनस-लखनऊ स्पेशल बुधवार, 08 जनवरी, 2025 को भावनगर टर्मिनस से 20:20 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 04:00 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में भावनगर परा, ढोला, बोटाद, सुरेंद्रनगर गेट, विरमगाम, चांदलोडिया, कलोल, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल और उन्नाव स्टेशनों पर रुकेगी।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** — आज कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें।

**वृष** — आज के काम कल पर नहीं टालें। व्यापार में अपने विवेक का प्रयोग करें, तभी धनलाभ होगा। दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है।

**मिथुन** — आज जल्दबाजी में किसी भी प्रकार का धन का लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

**कर्क** — व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। घर में रखी कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। आज माता या जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। घर में वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**सिंह** — कारोबारियों को धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

**कन्या** — आज नई कार्य योजना बनेगी, जिसका लाभ आगामी समय में मिलेगा। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे।

**तुला** — आज माता को थकान व कमजोरी रह सकती है। उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल होगी।

**वृश्चिक** — आज वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। युवक-युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**धनु** — व्यापारिक कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा, धनलाभ में वृद्धि होगी। प्रॉपर्टी संबंधी कानूनी बाधा संभव है। आज विरोधी सक्रिय रहेंगे। नौकरीपेशा को किसी भी तरह की धन या शारीरिक हानि सकती है।

**मकर** — आज स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। कार्यस्थल पर कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधनों पर व्यय होगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुंभ** — अपनी कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** — आज के दिन धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें।

# पीपल द्वारा नवग्रह दोष दूर करने के उपाय




### बुध

जिन नक्षत्रों के स्वामी बुध ग्रह है, उन नक्षत्रों से सम्बंधित व्यक्तियों को निम्न प्रयोग करने चाहिए।

(अ) किसी खेत में जंहा पीपल का वृक्ष हो वहां नक्षत्र वाले दिन जा कर, पीपल के नीचे स्नान करना चाहिए।

(आ) पीपल के तीन हरे पत्तों को जन्म नक्षत्र वाले दिन और बुधवार को स्नान के जल में डाल कर उस जल से स्नान करना चाहिए।

(इ) पीपल वृक्ष की प्रति बुधवार और नक्षत्र वाले दिन 6 परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए।

(ई) पीपल वृक्ष के नीचे बुधवार और जन्म, नक्षत्र वाले दिन चमेली के तेल का दीपक लगाना चाहिए।

(उ) बुधवार को चमेली का थोड़ा सा इत्र पीपल पर अवश्य लगाना चाहिए अत्यंत लाभ होता है।

### वृहस्पति

जिन नक्षत्रो के स्वामी वृहस्पति है. उन नक्षत्रों से सम्बंधित व्यक्तियों को निम्न प्रयोग करने चाहियें।

(अ) पीपल वृक्ष को वृहस्पतिवार के दिन और अपने जन्म नक्षत्र वाले दिन पीले पुष्प अर्पण करने चाहिए।

(आ) पिसी हल्दी जल में मिलाकर वृहस्पतिवार और अपने जन्म नक्षत्र वाले दिन पीपल वृक्ष पर अर्पण करें।

(इ) पीपल के वृक्ष के नीचे इसी दिन थोड़ा सा मावा शक्कर मिलाकर डालना या कोई भी मिठाई पीपल पर अर्पित करें।

(ई) पीपल के पत्ते को स्नान के जल में डालकर उस जल से स्नान करें।

(उ) पीपल के नीचे उपरोक्त दिनों में सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

### शुक्र

जिन नक्षत्रो के स्वामी शुक्र है. उन नक्षत्रों से सम्बंधित व्यक्तियों को निम्न प्रयोग करने चाहियें-:-



**प्रियंका जैन**
**9769994439**

(अ) जन्म नक्षत्र वाले दिन पीपल वृक्ष के नीचे बैठ कर स्नान करना।

(आ) जन्म नक्षत्र वाले दिन और शुक्रवार को पीपल पर दूध चढाना।

(इ) प्रत्येक शुक्रवार प्रातः पीपल की 7 परिक्रमा करना।

(ई) पीपल के नीचे जन्म नक्षत्र वाले दिन थोड़ासा कपूर जलाना।

(उ) पीपल पर जन्म नक्षत्र वाले दिन 7 सफेद पुष्प अर्पित करना।

(ऊ) प्रति शुक्रवार पीपल के नीचे आटे की पंजीरी सालना।

### शनि

जिन नक्षत्रों के स्वामी शनि है. उस नक्षत्रों से सम्बंधित व्यक्तियों को निम्न प्रयोग करने चाहिए..

(अ) शनिवार के दिन पीपल पर थोड़ा सा सरसों का तेल चडाना।

(आ) शनिवार के दिन पीपल के नीचे तिल के तेल का दीपक जलाना।

(इ) शनिवार के दिन और जन्म नक्षत्र के दिन पीपल को स्पर्श करते हुए उसकी एक परिक्रमा करना।

(ई) जन्म नक्षत्र के दिन पीपल की एक कोपल चबाना।

(उ) पीपल वृक्ष के नीचे कोई भी पुष्प अर्पण करना।

(ऊ) पीपल के वृक्ष पर मोलि बंधन।

## खबर संक्षेप

### रांची में संगठित अपराधियों के खिलाफ समीक्षा बैठक

**रांची।** रांची ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने संगठित अपराधी गिरोहों, विशेषकर अमन साहू गिरोह के मामलों की समीक्षा की। अनुसंधान में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएसपी अशोक राम और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी, तीन गिरफ्तार



**सोनीपत।** सोनीपत में अमेरिका भेजने के नाम पर 96 लाख रुपये की ठगी के मामले में क्राइम यूनिट ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता रमेश ने आरोप लगाया था कि एजेंट ने पैसे लेकर उन्हें धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पलवल में पत्नी से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या

**पलवल।** पलवल में एक व्यक्ति ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर पत्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।

### जींद में सीवरेज जाम से लोग परेशान

**जींद।** जींद के रोहतक रोड पर तीन महीने से सीवरेज जाम है। गंदा पानी ओवरफ्लो होकर परेशानियां बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों ने समस्या के समाधान के लिए प्रशासन को अल्टीमेटम दिया और प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### सीएम ने किया जल शोधन परियोजना का शुभारंभ



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राप्ती नदी में गिरने वाले नालों के प्राकृतिक विधि (फाइटोरेमिडीएशन तकनीकी) से जल शोधन की 2 करोड़ 70 लाख रुपये की नगर निगम की परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक विधि से जल शोधन से नदी की शुद्धि के साथ करोड़ों रुपये की बचत भी होगी।

---

चंदन गुप्ता हत्याकांड

# सभी 28 दोषियों को उम्रकैद

एनआईए की विशेष कोर्ट ने सुनाई सजा

एजेंसी | कासगंज

कासगंज में गणतंत्र दिवस के मौके पर 2018 में तिरंगा यात्रा के दौरान चंदन गुप्ता उर्फ अभिषेक गुप्ता की गोली मारकर हत्या के मामले में सभी 28 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। एनआईए की विशेष अदालत के जज विवेकानंद सरन त्रिपाठी ने एक दिन पहले गुरुवार को ही सभी 28 आरोपियों को घटना का दोषी करार दिया था। उम्रकैद की सजा के साथ-साथ भारी जुर्माना लगाया गया है। सभी को हत्या के लिए उम्रकैद के साथ ही तिरंगा के अपमान में तीन-तीन साल की सजा दी गई है। मुख्य आरोपी सलीम और छह अन्य को आर्म्स एक्ट में भी सजा सुनाई गई है। जेल से लॉकअप गाड़ी ना आने की वजह से सभी दोषियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना गया। गुरुवार को दोषी ठहराए गए और गैरहाजिर एक आरोपी सलीम ने सुबह अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया है।





### दो आरोपी हुए बरी

आरोपी असीम कुरैशी, नसरुद्दीन को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया गया था। सजा सुनाए जाने के दौरान 26 आरोपी व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित थे। आरोपी मुनाजिर रफी कासगंज जेल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुआ। वह एक अन्य मुकदमे में इस वक्त कासगंज जेल में बंद है। मुख्य आरोपी सलीम गैरहाजिर रहा। उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया गया था।

### 12 गवाह पेश

सभी आरोपियों पर बलवा, नाजायज मजमा, ईट पत्थर से चोट पहुंचाना, जानलेवा हमले, हत्या, गाली गलौज, जान माल की धमकी,देशद्रोह-ध्वज अपमान निवारण अधिनियम के आरोप तय कर विचारण किया गया है। कुल 12 गवाह पेश किए गए। पिता सुशील गुप्ता, चश्मदीद भाई विवेक गुप्ता, सौरभ पाल विशेष रूप से पेश किए गए। सभी आरोपियों को 147, 148, 149, 341, 336, 307,302, 504, 506 दंड संहिता, धारा 2 राष्ट्र ध्वज अपमान निवारण अधिनियम का दोषी ठहराया गया है।

### इन लोगों को उम्रकैद

विशेष अदालत ने मुख्य आरोपी सलीम, वसीम, जाहिद उर्फ जग्गा, आसिफ कुरैली उर्फ हिटलर, असलम कुरैशी, अकरम, शवाब, तौफीक, मोहसिन, राहत, सलमान, आसिफ जिमवाला, बबलू,नीशू, खिल्लन, वासिफ, इमरान पुत्र कय्यूम, शमशाद, जफर, साकिर पुत्र इस्माइल, शाकिब, खालिद परवेज, साकिब, फैजान, साकिर, मुनाजिर रफी आमिर रफी को उम्रकैद की सजा दी है।

### तिरंगा यात्रा में हुआ क्या था ?

चंदन के पिता की तरफ से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक गणतंत्र दिवस पर तिरंगा जुलूस तहसील रोड होते हुए राजकीय बालिका कॉलेज के गेट के सामने पहुंचा। तभी हथियारों से लैस घात लगाए लोगों ने रोका और तिरंगा छीनकर फेंक दिया। पाकिस्तान जिंदाबाद, हिन्दुस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए हथियार तानकर धमकी दी कि निकलना है तो पाकिस्तान जिंदाबाद कहना होगा। चंदन आदि ने विरोध किया तो सभी ने पथराव, फायरिंग शुरू कर दी। आरोप है कि सलीम ने चंदन को निशाना बनाकर गोली मार दी। घायल चंदन को भाई विवेक पहले थाना कासगंज गया, फिर जिला अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने यहां चंदन को मृत करार दिया। फायरिंग में कई अन्य लोग भी घायल हो गए थे। चंदन को न्याय दिलाने के लिए भाई विवेक ने नौकरी तक छोड़ दी। पिता ने कहा कि विवेक आज कहीं मैनेजर होता। कासगंज से लखनऊ कोर्ट में हर पेशी पर जाता रहा।

---

# ई-रिक्शा चालक की नहीं सुनने वाला कोतवाल भी निलंबित

**अब तक चार पुलिस वालों पर एक्शन**

एजेंसी | बदायूं

बदायूं में एसएसपी दफ्तर में आत्मदाह की कोशिश की घटना में एसएसपी डॉ. बृजेश सिंह ने अब सदर कोतवाल को भी निलंबित कर दिया है। उन पर आरोप है कि ई-रिक्शा चालक के साथ पूर्व में हुई घटनाओं को कोतवाल ने हल्के में लिया। उसकी सुनवाई नहीं की गई। इसी कारण यह नौबत आई कि उसने खुद को आग लगा ली। इससे पहले एसएसपी ने पुलिसलाइन के गणना कार्यालय के मेजर को हटाने के साथ ही तीन सिपाहियों सोनू कुमार, अर्जुन सिंह व दक्ष चौधरी को निलंबित कर दिया था।

### ई-रिक्शा ने केरोसिन डालकर खुद को लगाई आग



एसएसपी ने बताया कि शहर के नई सराय मोहल्ले में रहने वाले गुलफाम ने बुधवार दोपहर ऑफिस परिसर में केरोसिन डालकर खुद को आग लगा ली थी। इस मामले की जांच कराई तो सामने आया कि 25 दिसंबर को भी गुलफाम का उसके ससुरालियों से विवाद हुआ था। उसने आरोप लगाया था कि ससुरालियों ने उसे चाकू मारा है। मामले की शिकायत सदर कोतवाली में की थी लेकिन कोतवाल ने मामले को हल्के में लिया। इसके बाद 30 दिसंबर को पुन उसे बंधक बनाने की घटना हुई थी। ससुराल पक्ष का कहना था कि वो जबरन घर में घुस आया। उस वक्त भी कोतवाल ने गुलफाम की सलहज की ओर से एफआईआर लिख ली लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। बुधवार को शहर कोतवाली के नई सराय के रहने वाले ई-रिक्शा चालक गुलफाम ने पुलिस ऑफिस पहुंचकर आत्मदाह करने का प्रयास किया था। गुलफाम ने जैसे ही आग लगाकर आत्मदाह का प्रयास किया था।

### एसपी सिटी से कराई थी पूरे मामले की जांच

गुलफाम के मामले में एसपी सिटी से जांच कराई व इसके बाद उनकी रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। इसकी जांच एसपी सिटी के स्तर से हो रही है। कोतवाल की लापरवाही किस स्तर पर और रही, यह जांच एसपी देहात केके सरोज को सौंपी गई है। इधर, गुलफाम की हालत अभी भी गंभीर है। कहने को डॉक्टर उसके 50 प्रतिशत झुलसने की बात कह रहे हैं लेकिन बरेली में उसकी स्थिति गंभीर है।

### झुलसे युवक के मजिस्ट्रेट ने लिये बयान

पुलिस कार्यालय पर बुधवार को गुलफाम ने आत्मदाह का प्रयास किया। इसके बाद झुलसे गुलफाम को जिला पुरुष अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसके बाद गंभीर हालत पर बरेली के एसआरएमएस मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। इसके बाद बुधवार की देररात को बरेली सदर तहसील के नायब तहसीलदार विदित कुमार और सीओ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां घायल युवक के बयान दर्ज किए। मजिस्ट्रेट विदित कुमार ने 164 के कलमबंद बयान दर्जकर बदायूं जिला प्रशासन को भेजा है।

---

# लखनऊ चारबाग से चलेंगी महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें



**ये दोनों ट्रेनें अनारक्षित श्रेणी की रहेगी**

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन अनारक्षित श्रेणी की दो महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें चारबाग स्टेशन से चलाएगा। ये ट्रेनें प्रयाग जंक्शन व फाफामऊ के लिए चलेंगी। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि ट्रेन 04292 लखनऊ-प्रयाग जंक्शन चारबाग स्टेशन से दोपहर दो बजे चलकर उतरेटिया, मोहनलालगंज, बछरावां, रायबरेली, ऊंचाहार होते हुए प्रयाग शाम 7:55 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन 12, 13, 27, 28 जनवरी, एक, दो, 10, 11, 24 व 25 फरवरी को चलाई जाएगी। 04294 ट्रेन 28 जनवरी को चारबाग से शाम साढ़े सात बजे उतरेटिया, मोहनलालगंज, बछरावां, रायबरेली, दरियापुर, लक्ष्मणपुर, ऊंचाहार होते हुए फाफामऊ रात 12:45 बजे पहुंचेगी।

# ब्वॉयफ्रेंड के लिए छात्राओं ने कर दी ' महाभारत'

**कॉलेज से निकलते ही एक-दूसरे को लिटा-लिटाकर पीटा**

**बागपत।** यूपी के बागपत में छात्राओं के दो गुट आपस में भिड़ गए। कॉलेज से निकलने के बाद दोनों गुटों की छात्राओं ने एक-दूसरे को जमीन पर लिटा-लिटाकर पीटा। कुछ लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश भी लेकिन वह नहीं मानीं। कुछ राहगरों ने छात्राओं के बीच हो रही मारपीट का वीडियो बनाया और फिर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। चर्चा है कि एक लड़के से बातचीत करने को लेकर कॉलेज से निकलते ही छात्राओं ने महाभारत की। फिलहाल पुलिस के पास किसी तरह की तहरीर नहीं पहुंची है। पुलिस भी वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

### क्या है पूरा मामला ?



पूरा मामला अमीनगर सराय के फव्वारा चौक के पास हिसावदा मार्ग का है। जानकारी के अनुसार कॉलेज की छुट्टी के बाद हिसावदा मार्ग और पूठड गांव की छात्राओं के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों ग्रुप की छात्राएं आमने-सामने आ गईं। छुट्टी के बाद फव्वारा चौक से हिसावदा वाले मार्ग पर पूठड की छात्राओं ने हिसावदा की छात्राओं को रोक लिया। हुआ है।

# 6 जनवरी को बिहार में फिर चक्का जाम करेंगे बीपीएससी छात्र

एजेंसी | पटना

बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर बीपीएससी अभ्यर्थी लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने के लिए जा रहे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें डाकबंगला चौराहे पर रोक लिया और उनकी मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो पाई है। ऐसे में अभ्यर्थियों ने 6 जनवरी को पूरे बिहार में चक्का जाम और धरना प्रदर्शन करने का फैसला किया है।

### छात्रों के समर्थन में धरने पर बैठे हैं प्रशांत किशोर



बीपीएससी के री एग्जाम की मांग को लेकर प्रशांत किशोर पटना के गांधी मैदान में धरने पर बैठ गए हैं। वे परीक्षा रद्द कर फिर से परीक्षा लेने की मांग कर रहे हैं। प्रशांत किशोर की मांग को पटना जिला प्रशासन ने मानने से इंकार कर दिया है। इसके साथ ही पटना जिला प्रशासन के निर्देश पर पटना के गांधी मैदान पुलिस स्टेशन में प्रशांत किशोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

---

## व्यापार जगत

# नए साल के तीसरे दिन शेयर बाजार धराशायी

**सेंसेक्स ने लगाया 720.60 अंकों का गोता**

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर नकारात्मक रुख की वजह से नए साल के तीसरे दिन और कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार 3 जनवरी 2025 को घरेलू शेयर बाजार धराशायी हो गया। हालांकि, इससे पहले दो दिन शेयर बाजार में नए साल का जश्न मनाया गया और इसमें तेजी बनी रही। कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 720.60 अंक या 0.90% का गोता लगाकर 79,223.11 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सेंचज (एनएसई) का निफ्टी 183।90 अंक या 0।76% फिसलकर 24,004.75 अंक पर पहुंच गया।

### बीएसई में जोमैटो का शेयर 4.27% टूटा



शेयर बाजार के कारोबार के आखिर में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में 18 कंपनियों के शेयर गिरे और 12 के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। इसमें सबसे अधिक नुकसान जोमैटो को हुआ। इसका शेयर करीब 4.27 % टूटकर 272.70 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक मुनाफे में रहा। इसका शेयर 3.33% गिरकर 790.40 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

### एनएसई में विप्रो को सबसे अधिक नुकसान

एनएसई में 50 शेयरों पर आधारित सूचकांक निफ्टी में 32 शेयर लाल निशान और 18 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। इसमें विप्रो का शेयर सबसे अधिक 2।83% नुकसान के साथ 295।20 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। तेल कंपनी ओएनजीसी का शेयर सबसे अधिक 5।11% मुनाफे के साथ 258।65 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।

### एशिया के दूसरे बाजारों में मिलाजुला रुख

एशिया के दूसरे बाजारों की बात करें, तो इनमें मिलाजुला रुख रहा। दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और हांगकांग के हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट गिर गया। जापान के निक्केई में कोई कारोबार नहीं हुआ। यूरोपीय बाजार में नरम रुख रहा और अमेरिकी बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड 0।32% गिरकर 75।69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# संपत्तियों की ई-नीलामी के लिए नया पोर्टल लॉन्च



एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार ने वाणिज्यिक संपत्तियों, औद्योगिक भूमि, दुकानों, वाहनों और अन्य संपत्तियों की ई-नीलामी के लिए 'बैंकनेट' नाम का नया पोर्टल लॉन्च किया है। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने इसे शुक्रवार को पेश किया। यह पोर्टल खरीदारों और निवेशकों के लिए एक ही जगह पर सारी जानकारी उपलब्ध कराता है।

### बैंकनेट पोर्टल की खास बातें


**संपत्तियों की विस्तृत सूची:** फ्लैट, स्वतंत्र घर, भूखंड, वाणिज्यिक और औद्योगिक संपत्तियां, दुकानें, वाहन, संयंत्र और कृषि/गैर-कृषि भूमि की जानकारी

**सारी जानकारी एक जगह:** सार्वजनिक बैंकों की सभी ई-नीलामी संपत्तियों का डेटा एक ही मंच पर उपलब्ध

**आसान प्रक्रिया:** संपत्ति की जानकारी से लेकर नीलामी में भाग लेने तक सब कुछ सरल और पारदर्शी

# सिटीकेम इंडिया की फ्लैट लिस्टिंग के बाद शेयरों में गिरावट

**निवेशकों को पहले दिन ही 2.71% का नुकसान**



**नई दिल्ली।** फार्मास्यूटिकल सेक्टर की कंपनी सिटीकेम इंडिया लिमिटेड के शेयरों ने आज आईपीओ निवेशकों को काफी निराश किया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 70 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर शेयरों की लिस्टिंग बिना किसी उतार-चढ़ाव के 70 रुपये के भाव पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये शेयर टूट कर 66.50 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक गिर गया। हालांकि, बाद में खरीदारी शुरू होने पर इस शेयर ने लोअर सर्किट ब्रेक करके 1.90 रुपये की कमजोरी के साथ 68.10 रुपये के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 2.71 प्रतिशत के नुकसान का सामना करना पड़ा।


### आईपीओ को मिला था जबरदस्त रिस्पॉन्स

सिटीकेम इंडिया लिमिटेड का 12 .60 करोड़ रुपये का आईपीओ 27 से 31 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 414 .35 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के जरिए 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 18 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। कंपनी इन शेयरों के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल नई प्रॉपर्टी खरीदने, ट्रांसपोर्टेशन व्हीकल और एक्सेसरीज खरीदने तथा आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।

### कंपनी की वित्तीय स्थिति

1992 से काम कर रही सिटीकेम इंडिया लिमिटेड की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कंपनी के दावे के मुताबिक इसका मुनाफा लगातार बढ़ता रहा है। 2021-22 में कंपनी को 23 .94 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 36 .26 लाख रुपये हो गया। इसी तरह 2023-24 में कंपनी का मुनाफा 1.12 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ही कंपनी को 19 .95 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हो चुका है।

# अडाणी के खिलाफ तीन मामलों की एक साथ होगी सुनवाई



**न्यूयॉर्क की एक कोर्ट ने दिया आदेश**

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क की एक कोर्ट ने उद्योगपति गौतम अडाणी समेत अन्य लोगों के खिलाफ अरबों रुपए की रिश्वतखोरी के आरोप के 3 मामलों की सुनवाई एक साथ करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने आदेश दिया कि इन मामलों की सुनवाई एक संयुक्त मुकदमे में एक साथ की जाएगी।

### एक साथ सुनवाई के आदेश में शामिल मामले

जिन मामलों की सुनवाई एक साथ की जाएगी उनमें US बनाम अडाणी एवं अन्य (अडाणी के खिलाफ आपराधिक मामला), सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन (SEC) बनाम अडाणी एवं अन्य (अडाणी के खिलाफ सिविल केस) और SEC बनाम कैबनेस (अन्य आरोपियों के खिलाफ सिविल केस) शामिल हैं।

### कोर्ट का उद्देश्य

कोर्ट ने कहा कि यह निर्णय ज्यूडिशियल एफिशिएंसी को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। यह सभी मामलों को जिला न्यायाधीश निकोलस जी गरौफिस को सौंपेगा, जो अडाणी के खिलाफ आपराधिक मामले की भी देखरेख कर रहे हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

## काफी कुछ हासिल करना बाकी : हरमनप्रीत



एजेंसी । नई दिल्ली

खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनकी 'शानदार यात्रा की मान्यता है जिसमें उन्हें भविष्य में बहुत कुछ हासिल करना है। खेल मंत्रालय ने निशानेबाज मनु भाकर, विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, हरमनप्रीत और पैरालंपिक में ऊंची कूद चैंपियन प्रवीण कुमार को 2024 के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना है। हरमनप्रीत ने कहा, यह मेरे लिए बड़ी उपलब्धि है। लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है। मुझे इतना बड़ा पुरस्कार और मान्यता मिल रही है। हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष सहित तीन बार एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। हरमनप्रीत ने कहा, अपनी यात्रा में मैंने बहुत कुछ सीखा है, जीत और हार सहित कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मुझे हालांकि लगता है कि आप केवल उन अनुभवों से सीखते हैं।



## आराम की खबर से पोंटिंग भी हैरान

एजेंसी । सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने शुक्रवार को कहा कि वह पांचवें और अंतिम टेस्ट से रोहित शर्मा की अनुपस्थिति को लेकर भारतीय खेमे के शब्दों से 'हैरान हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि यह कदम अपेक्षित था। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू में कहा, जब मैंने इतने अहम मैच में 'बाहर होने की बात सुनी तो मैं बहुत हैरान हुआ। हम जानते हैं कि वह लंबे समय से भारतीय क्रिकेट के लिए महान खिलाड़ी रहे हैं। इसलिए जिस तरह से यह कहा गया, वह हैरानी भरा था। भारतीय खेमे से जो सुनने को मिल रहा है, उस पर हमें विश्वास करना होगा। लेकिन इतना बड़ा मैच होने के कारण और यह जानते हुए कि उन्हें ट्रॉफी बरकरार रखने के लिए यह मैच जीतना ही होगा तो उनके सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक के लिए बाहर निकलने के फैसले का समय दिलचस्प था।

# सिडनी में भी पर्थ की कहानी

- अंतिम टेस्ट में भी सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी पंत 40 के स्कोर तक पहुंचा
- उनके बाद 26 रन अतिरिक्त के रहे
- मेहमान टीम 185 पर सिमटी, बोलैंड ने झटके चार विकेट



एजेंसी । सिडनी

साल और मैच का स्थान बदला पर टीम इंडिया की कहानी नहीं। पर्थ में पहले टेस्ट में भारतीय टीम ने बुमराह की कप्तानी में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज की जैसी शुरुआत की थी वैसी ही सिडनी में पांचवें और अंतिम मुकाबले में रही। पहले टेस्ट की पहली पारी में भी सिर्फ नितिश 40 के आंकड़े तक पहुंचे तो सिडनी में ऋषभ पंत इस स्कोर तक पहुंचे। तब नितिश ने टीम को पहली पारी में 150 तक पहुंचाया था तो इस बार पंत उसे 185 तक ले गए। पंत के बाद 26 सर्वाधिक रन अतिरिक्त और जडेजा के रहे। स्कॉट बोलैंड (31/4) की अगुआई में ऑस्ट्रेलियाई पेसरों ने भारतीय बल्लेबाजों को 72.2 में ढेर कर दिया।

## बुमराह ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया

बुमराह ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय बल्लेबाजों ने रन नहीं बनाए और विकेट गिरते रहे। दूसरे सत्र में अति रक्षात्मक खेलना महंगा पड़ा चूंकि गेंद पुरानी हो चुकी थी और स्विंग भी नहीं मिल रही थी। पंत ने जहां अनुशासित प्रदर्शन किया, वहीं गिल (20) डटकर बल्लेबाजी का प्रयास करने के बाद पहले सत्र की आखिरी गेंद पर लियोन को बाहर निकलकर खेलने के प्रयास में पहली स्लिप में कैच दे बैठे। केएल राहुल और यशस्वी ने पारी का आगाज किया लेकिन पहले ही घंटे में आउट हो गए। राहुल अच्छी गेंदों को छोड़कर बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन स्टार्क की एक गेंद ने उन्हें ललचा दिया और स्क्वेयर लेग पर उन्होंने सैम को कैच थमाया। यशस्वी (10) ने आन ड्राइव के साथ शुरुआत की। उन्होंने स्कॉट बोलैंड की गेंद पर स्लिप में वेबस्टर को कैच दे दिया जो अपना पहला टेस्ट खेल रहे हैं।

## भारतीय बल्लेबाजी का हाल 2024 जैसा ही रहा

हालांकि भारतीय बल्लेबाजी का हाल 2024 जैसा ही रहा। रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा को भले ही शुक्रवार को अंतिम टेस्ट से बाहर कर दिया लेकिन किंग कोहली सहित बाकी बल्लेबाज भी तू चल में आया की राह पर ही चले। नतीजा सीरीज में तीसरी बार पहली पारी में भारतीय टीम 200 का स्कोर भी नहीं कर पाई। खराब फॉर्म और तकनीकी कमजोरियों से जूझ रहे विराट कोहली 69 गेंद में 17 रन बनाकर चलते बने। आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद उन्हें लगातार परेशान करती आ रही है। यहां भी उन्होंने अपना विकेट आसानी से गंवा दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर नौ रन बनाए थे। कार्यवाहक कप्तान बुमराह ने खराब फॉर्म से जूझ रहे उस्मान ख्वाजा (2) को पवेलियन भेज दिया। सैम कोंस्टास सात रन बनाकर खेल रहे थे।

## कोहली के पास बस एक पारी



रोहित के बाद अब कोहली का टेस्ट करियर भी खतरे में हैं। उनसे पास लाल गेंद के क्रिकेट में टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए अब बस एक पारी बची है। अगर पर्थ टेस्ट के शतक को छोड़ दिया जाए तो उन्होंने पिछली 20 टेस्ट पारियों में सिर्फ 17.57 की औसत से रन बनाए हैं। कोहली पहली ही गेंद पर आउट होने से बच गए लेकिन इसका फायदा नहीं उठा सके। लंच के बाद बोलैंड ने ही उन्हें आफ स्टम्प से बाहर गेंद डालकर स्लिप में लपकवाया। कोहली सीरीज में 26.28 की औसत से सिर्फ 184 रन बना पाए हैं।

## विंडीज के बाद भारत

भारत का इस सत्र का पहली पारी का सर्वोच्च स्कोर 376 रन रहा जो चेन्नई में बांग्लादेश के ख़िलाफ बनाया था। कम से कम 10 टेस्ट मैच खेलने वाली टीमों में से भारत के अलावा वेस्टइंडीज़ (2000-01) ही एकमात्र ऐसी टीम है, जिसने किसी एक सत्र के दौरान पहली पारी में 400 का आंकड़ा पार नहीं किया।

### सबसे कम औसत

टीम ने इस सत्र में पहली पारी में प्रति विकेट 18.74 की औसत से रन बनाए। यह किसी भी टीम का एक सत्र में कम से कम पांच मैचों में पहली पारी में सबसे कम औसत है। भारत का औसत पहली पारी (टेस्ट की पहली और दूसरी पारी) में 22.92 रहा, जो किसी भी टीम का कम से कम दस मैचों में सबसे कम औसत है।

### वॉर्न और ब्रॉड के क्लब में बुमराह

मौजूदा सीरीज में बुमराह ने 11 बार सलामी बल्लेबाजों को आउट किया। यह 2002 के बाद किसी भी गेंदबाज़ के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज़्यादा है। वह शेन वॉर्न (2005 एशेज) और स्टुअर्ट ब्रॉड (2019 एशेज) के क्लब में शामिल हो गए।

# तमिलनाडु ने मिजोरम को रिकॉर्ड 10 विकेट से मात दी

विजय हजारे

एजेंसी । विजयनगरम



वरुण चक्रवर्ती (पांच विकेट), विजय शंकर और संदीप वारियर (दो-दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद नारायण जगदीशन (नाबाद 46) की पारी से तमिलनाडु ने विजय हजारे ट्रॉफी में ग्रुप डी में मिजोरम को रिकॉर्ड 10 विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को खेले गए मैच में मिजोरम के 71 रन के जवाब में तमिलनाडु ने नारायण जगदीशन (नाबाद 46) और तुषार रहेजा (नाबाद 27) की शानदार पारियों के दम पर 10 ओवर में 75 रन बनाकर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। तमिलनाडु ने टॉस जीतकर गेंबदाजी का फैसला किया। मिजोरम की पूरी टीम 21.2 ओवर में 71 रन पर सिमट गई। अग्नि चोपड़ा ने सर्वाधिक (23) रनों की पारी खेली। मोहित जांगड़ (17) और जेहु एंडरसन (12) रन बनाकर आउट हुए। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

## गुजरात ने गोवा को छह विकेट से पराजित किया

एजेंसी । जयपुर

अक्षर पटेल (तीन विकेट), रवि बश्निोई (दो विकेट) के बाद उर्विल पटेल (61) की आतिशी पारियों से गुजरात ने ग्रुप ए में गोवा को छह विकेट से हरा दिया। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे गुजरात ने उर्विल पटेल 34 गेंदों में (61) और उमंग कुमार (24) की शानदार बल्लेबाजी से 16.4 ओवरों में चार विकेट पर 118 रन बनाकर मैच जीत लिया। आर्य देसाई (16) और सौरव चौहान (एक) रन बनाकर आउट हुए। हेमांग पटेल (नौ) और विशाल जायसवाल (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। गोवा की ओर से फिलक्सि आलेमाओ ने दो, शुभम तरी और अमूल्य पंडरेकर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## यूपी की टीम विदर्भ से हारी

एजेंसी । विजयनगरम्

ग्रुप डी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश को विदर्भ की टीम से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टॉस हारकर हालांकि यूपी की टीम ने समीर रिजवी के शतक (105) रन की मदद से आठ विकेट पर 307 रन बनाए। प्रियम गर्ग ने 34 और शिवम मावी ने 33 रन बनाए। नचिकेत भूते ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। लेकिन इसके जवाब में विदर्भ ने करुण नायर यश राठौर (138) और कप्तान करुण नायर (112) के दम पर 47.2 ओवर में 2 विकेट पर ही 313 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की।

## उत्तराखंड चार विकेट से जीता

एजेंसी । जयपुर

ग्रुप में यहां खेले गए मैच में उत्तराखंड की टीम ने झारखंड को चार विकेट से हरा दिया। झारखंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए अनुकूल राय के अर्धशतक (52) की मदद से आठ विकेट पर 249 रन बनाए। आदित्य सेठी ने चार विकेट चटकाए। इसके जवाब में उत्तराखंड ने रविकुमार समर्थ (104) और अवनीश सुधा (75) की शानदार बल्लेबाजी से 48.5 ओवर में छह विकेट पर 255 रन बनाकर जीत दर्ज की।

# बुमराह का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा: वेबस्टर

एजेंसी । सिडनी



पदार्पण कर रहे हरफनमौला खिलाड़ी ब्यू वेबस्टर का मानना है कि तेज गेंदबाजों की मददगार एससीजी पिच पर बुमराह का सामना करना बड़ी चुनौती होगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के लिए कोई आदर्श स्कोर तय नहीं किया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा, इस विकेट पर बल्लेबाजी करने का एक तरीका है। उनकी टीम में बुमराह जैसा एक विश्व स्तरीय गेंदबाज है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह हमारे पूरे बल्लेबाजी समूह को चुनौती देगा। वह अपनी लेंथ और लाइन के मामले में अद्भुत हैं।

# रोहित के 'ड्रॉप' पर दिग्गजों के बाउंसर

एजेंसी । सिडनी



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आखिर सिडनी टेस्ट में बाहर बैठने का फैसला लिया। इस पर सुनील गावस्कर समेत कई दिग्गजों ने अपने-अपने तरीके से राय रखी है। गावस्कर और शास्त्री ने कहा, वह शायद अपना आखिरी टेस्ट खेल चुके हैं। वहीं, नवजोत सिंह सिद्धू ने इसे गलत संकेत बताया। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा, रोहित के एकादश से बाहर रहने के मायने हैं कि अगर भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं करता तो मेलबर्न टेस्ट रोहित का आखिरी टेस्ट होगा। उन्होंने कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का अगला चक्र इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से शुरू होगा और चयनकर्ता ऐसे खिलाड़ी को चाहेंगे जो 2027 फाइनल खेल सके। रवि शास्त्री बोले, टॉस के समय मेरे पूछने से पहले ही जसप्रीत बुमराह ने यह बात कही कि कप्तान ने बाहर रहने का फैसला किया है और कहा कि शुभमान गिल के खेलने से टीम मजबूत होगी। उन्होंने कहा, अगर घरेलू सत्र चालू होता तो वह आगे खेलने की सोच भी सकता था लेकिन मुझे लगता है कि वह इस टेस्ट के बाद घोषणा कर देगा। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने 'एक्स' पर लिखा, एकदम रोहित शर्मा वाला फैसला।

# करुण नायर बने बिना आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

एजेंसी । विजयनगरम

करुण नायर ने शुक्रवार को लिस्ट ए क्रिकेट में बिना आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाने का नया रिकॉर्ड कायम किया। विदर्भ के इस बल्लेबाज ने विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बिना आउट हुए कुल 542 रन बनाए और न्यूजीलैंड के जेम्स फ्रैंकलिन के 15 साल पुराने रिकॉर्ड (527 रन, 2010) को पीछे छोड़ दिया।



**शीर्ष खिलाड़ियों की सूची**

- करुण नायर : 542 रन
- जेम्स फ्रैंकलिन : 527 रन
- जोशुआ वैन हीर्डन : 512 रन
- फखर जमां : 455 रन
- तौफीक उमर : 422 रन

**तीसरा लगातार शतक**

करुण नायर ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरा शतक जड़ा। उन्होंने यश राठौड़ (138 नाबाद) के साथ दूसरे विकेट के लिए 228 रनों की साझेदारी की, जिससे विदर्भ ने 308 रनों का लक्ष्य केवल 47.2 ओवर में 2 विकेट पर 313 रन बनाकर हासिल कर लिया। उत्तर प्रदेश ने समीर रिज़वी (105) की शानदार शतकीय पारी की बदौलत 8 विकेट पर 307 रन बनाए थे।

# साहित्य और सिनेमा के बीच नया पुल

## वसु मालवीय के किरदारों को अविनाश दास करेंगे जीवंत

सिनेमा के माध्यम से साहित्य की गहराई को छूने का एक और प्रयास, फिल्म निर्देशक अविनाश दास ने 'इन गलियों में' के जरिए किया है। यह फिल्म वसु मालवीय की कहानियों के किरदारों की जिंदगियों को बड़े परदे पर जीवंत करती है। वसु मालवीय, जिनका जीवन महज 31-32 साल की उम्र में समाप्त हो गया, साहित्य के उन नायकों में से थे जो कम समय में अमर हो गए।






### साहित्य और सिनेमा का मिलन

अविनाश दास का यह प्रयास साहित्य और सिनेमा के बीच एक सेतु के रूप में उभरता है। जैसे अमरीक सिंह दीप के उपन्यास पर आधारित 'ढाई आखर' ने साहित्य को हिंदी सिनेमा के करीब लाया, वैसे ही 'इन गलियों में' वसु मालवीय के साहित्यिक संसार को परदे पर उतारने का एक खूबसूरत प्रयास है।

### वसु की विरासत का अमर गान

वसु मालवीय का गीत, 'कहो अनवर क्या हुआ?' उनकी विरासत का अमर गान बनकर फिल्म के जरिए गूंजेगा। यह फिल्म साहित्य और सिनेमा की जुगलबंदी का ऐसा भावनात्मक स्वर है, जो दर्शकों के दिलों में गहराई तक उतर जाएगा।

### भाग्यश्री की बेटी और नसीरुद्दीन शाह के बेटे की जोड़ी

अभिनेत्री भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दासानी की नई फिल्म 'इन गलियों में' का ऐलान हो गया है। वह इससे पहले तेलुगु फिल्म 'नेनु स्टूडेंट सर' और वेब सीरीज 'मिथ्या' में नजर आ चुकी हैं। इस फिल्म में अवंतिका की जोड़ी अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के छोटे बेटे विवान शाह के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए प्रशंसक उत्साहित हैं। अभिनेता जावेद जाफरी भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### भावनाओं की आवाज़


अविनाश दास ने भावुक होकर कहा, 'वसु मालवीय की एक कविता है, जो मेरे दिल के बेहद करीब है, 'कहो अनवर क्या हुआ?'। इसने मुझे इस फिल्म को बनाने की प्रेरणा दी। वसु की कहानियां और उनकी कविताएं इंसानी भावनाओं की गहरी परतों को उजागर करती हैं। यह फिल्म उन किरदारों की कहानियों को जीवंत करने की कोशिश है, जो वसु की कल्पनाओं में सांस लेते थे।'

### सिनेमा के माध्यम से श्रद्धांजलि

'इन गलियों में' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि वसु मालवीय को सिनेमा के माध्यम से दी गई एक श्रद्धांजलि है। वसु के किरदारों की कहानियां उन भावनाओं को व्यक्त करती हैं, जिन्हें शब्दों से परे महसूस किया जा सकता है। अविनाश का यह कदम न केवल साहित्य प्रेमियों को जोड़ता है, बल्कि वसु मालवीय की अनकही कहानियों को एक नई जिंदगी भी देता है।

# अल्लू अर्जुन को बड़ी राहत

## संध्या थिएटर भगदड़ मामले में मिली जमानत



साउथ के स्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों फिल्म 'पुष्पा 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। खबर है कि संध्या थिएटर में भगदड़ मामले में हैदराबाद के नामपल्ली कोर्ट ने अभिनेता को जमानत दे दी है। बता दें कि बीते साल 4 दिसंबर को 'पुष्पा 2' की हैदराबाद के संध्या थिएटर में स्क्रीनिंग रखी गई थी। इस दौरान मची भगदड़ मे एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बच्चा बुरी तरह घायल हो गया था।

### कोर्ट ने दिया ये निर्देश

नामपल्ली कोर्ट में संध्या थिएटर भगदड़ मामले में 3 जनवरी को सुनवाई हुई, जिसके बाद कोर्ट ने अल्लू अर्जुन के हक में फैसला सुनाया और अभिनेता को नियमित जमानत दे दी। उन्हें शर्तों के तहत 50 हजार रुपये के 2 जमानती पेश करने के साथ पुलिस स्टेशन में भी पेश होने का निर्देश दिया गया है। अल्लू की नियमित जमानत याचिका पर बीते 30 दिसंबर को सुनवाई हुई थी, लेकिन उस दिन फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। घटना 4 दिसंबर की है, जब 'पुष्पा 2' रिलीज हुई थी। हैदराबाद के संध्या थिएटर में फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई थी और थिएटर के बाहर फैंस का हुजूम उमड़ा हुआ था। भीड़ तब बेकाबू हुई, जब अचानक से सुनने में आया कि अल्लू वहां पहुंचने वाले हैं।

# प्रकाश झा नहीं करना चाहते वेब सीरीज 'आश्रम 4' का निर्देशन



बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की सुपरहिट वेब सीरीज के अब तक 3 सीजन रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला। इसमें उन्होंने गंभीर और नकारात्मक किरदार निभाकर खूब सुर्खियां बटोरी। इन तीनों सीजन का निर्देशन जाने-माने निर्देशक प्रकाश झा ने किया था। पिछले काफी समय से दर्शक इसके चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा। दरअसल, हाल ही में निर्देशक प्रकाश ने 'आश्रम 4' पर बड़ा अपडेट साझा किया है। प्रकाश ने खुलासा किया कि वह 'आश्रम' के चौथे सीजन का निर्देशन नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम 'आश्रम 4' के बारे में बात कर रही है। इसके लिए एक नई कहानी लिखी गई है। मैंने टीम से कहा है कि मैं 'आश्रम 4' का मार्गदर्शन करना चाहता हूं और किसी अन्य को इसका निर्देशन करना चाहिए।

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

इंडिया&वर्ल्ड

## न्यूज़ ब्रीफ

### प्रवासी भारतीय सम्मान अवॉर्ड के लिए 23 देशों की 27 हस्तियों का चयन

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन के समापन सत्र में प्रवासी भारतीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस वर्ष के पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की। इस साल प्रवासी भारतीय सम्मान के लिए 27 विभूतियों का चयन हुआ है। विदेश में रहने वाले भारतीयों को दिए जाने वाले इस सर्वोच्च सम्मान के लिए चुनी गई हस्तियां 23 देशों में रहती हैं।

### मुख्यमंत्री ने बेमौसम बारिश को घोषित किया 'प्राकृतिक आपदा'

एजेंसी | भुवनेश्वर

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को दिसंबर में हुई बेमौसम बारिश को 'प्राकृतिक आपदा' घोषित किया, ताकि किसानों को फसल के नुकसान के लिए राज्य के आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से मुआवजा प्रदान किया जा सके।'कृषि ओडिशा कनक्लेव-2025' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि जिन किसानों को दिसंबर में हुई बेमौसम बारिश के कारण अपनी फसल का 33 फीसदी या उससे अधिक नुकसान हुआ, उन्हें राहत कोष से मदद दी जाएगी।

### मनमोहन सिंह की स्मृति में अंतिम अरदास का आयोजन

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा कई अन्य नेता शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में गुरुद्वारा रकाबगंज में आयोजित कीर्तन और अंतिम अरदास में शामिल हुए। कीर्तन और अंतिम अरदास में मनमोहन सिंह के परिजन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी शामिल थे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की पूर्व अध्यक्ष बीबी जागीर कौर, पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा और योजना आयोग (अब नीति आयोग) के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, प्रवक्ता पवन खेड़ा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद और अजय माकन तथा सांसद सुखजिंदर रंधावा शामिल थे।

### पेरिया हत्याकांड में दस लोगों को आजीवन कारावास

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

केरल के पेरिया शहर में 2019 में हुए दोहरे हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने सजा सुना दी है। अदालत ने 10 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही सीपीआई (एम) के पूर्व विधायक केवी कुन्हिरमन सहित चार अन्य लोगों को पांच साल की सजा सुनाई गई है। इन दोषियों पर दो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या का आरोप लगा था। इसके साथ ही छह आरोपियों को साजिश, सबूत नष्ट करने और अपराध में सहायता प्रदान करने का दोषी पाया था। मामला 17 फरवरी, 2019 को सीपीआई (एम) कार्यकर्ताओं द्वारा युवा कांग्रेस कार्यकर्ता कृपेश और सरथ लाल पी के की हत्या से संबंधित है।

# 'पर्याप्त मुआवजे के बिना किसी को जमीन से बेदखल नहीं कर सकते'

## ■ भूमि अधिग्रहण मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संपत्ति का अधिकार संवैधानिक अधिकार है और किसी भी व्यक्ति को कानून के अनुसार पर्याप्त मुआवजे के भुगतान किए बिना उसकी संपत्ति से बेदखल नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि संविधान (44वां संशोधन) अधिनियम, 1978 के कारण संपत्ति का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं रह गया है, लेकिन कल्याणकारी राज्य में यह मानव अधिकार और संविधान के अनुच्छेद-300-ए के तहत संवैधानिक अधिकार है।



### 2003 के बाजार मूल्य पर मुआवजा देना न्याय का मजाक होगा

पीठ ने कहा कि अगर 2003 के बाजार मूल्य पर मुआवजा प्रदान करने की अनुमति दी गई तो यह न्याय का मजाक बनाने और अनुच्छेद-300-ए के प्रविधानों का माखौल उड़ाने जैसा होगा। सुप्रीम कोर्ट के लिए संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत अपनी शक्तियों के इस्तेमाल का यह उचित मामला है और यह अदालत एसएलएओ को 22 अप्रैल, 2019 को प्रचलित बाजार मूल्य के आधार पर अपीलकर्ताओं के लिए मुआवजे का निर्धारण करने का निर्देश देती है।

### कानूनी अधिकार के बिना बेदखल नहीं किया जा सकता

यह अनुच्छेद कहता है कि कानूनी अधिकार के बिना किसी भी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से बेदखल नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने यह फैसला बेंगलुरु-मैसुरु इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर प्रोजेक्ट के लिए भू-अधिग्रहण से जुड़े मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट के नवंबर, 2022 के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर सुनाया।

### बिना मुआवजा दिए संपत्ति से बेदखल किया गया

पीठ ने कहा कि परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहीत करने के लिए कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआइएडीबी) ने जनवरी, 2003 में एक प्रारंभिक अधिसूचना जारी की थी और नवंबर, 2005 में अपीलकर्ताओं की जमीन पर कब्जा कर लिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता भू-स्वामियों को पिछले 22 वर्षों के दौरान कई बार अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ा और उन्हें बिना कोई मुआवजा दिए उनकी संपत्ति से बेदखल कर दिया गया।मुआवजा पाने के लिए अपीलकर्ताओं की ओर से कोई देरी नहीं हुई, बल्कि राज्य अथवा केआइएडीबी अधिकारियों के सुस्त रवैये के वजह से अपीलकर्ताओं को मुआवजा नहीं मिला। पीठ ने कहा कि अवमानना कार्यवाही में नोटिस जारी होने के बाद ही 22 अप्रैल, 2019 को विशेष भू-अधिग्रहण अधिकारी (एसएलएओ) ने अधिग्रहीत भूमि का बाजार मूल्य निर्धारित करने के लिए 2011 में प्रचलित दिशानिर्देश मूल्यों को आधार बनाया और मुआवजे का निर्धारण किया।

# परीक्षण में 180Kmph की गति से दौड़ी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

- पटरियों पर दौड़ने को तैयार वंदे भारत स्लीपर
- इस महीने से हो सकती शुरू

एजेंसी | नई दिल्ली



देश को नए वर्ष में नई ट्रेन मिलने जा रही है। लंबी दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन की गई वंदे भारत ट्रेन का स्लीपर वर्जन तैयार है। ट्रायल के दौरान इसने 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की अधिकतम रफ्तार पकड़ी है, जो देश में अभी तक चलने वाली किसी भी ट्रेन से लगभग 40 किलोमीटर प्रतिघंटा ज्यादा है। मुंबई-दिल्ली लंबी दूरी की यात्रा की वर्तमान औसत गति 90 किलोमीटर प्रति घंटा है। तेजस राजधानी के लिए अधिकतम मान्य गति 140 किमी प्रतिघंटा है। इस तरह लंबी दूरी के यात्रियों की सुखद यात्रा के साथ-साथ समय की भी बचत होगी।

### रेल मंत्री ने साझा किया वीडियो

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को वंदे भारत स्लीपर के ट्रायल रन का वीडियो भी एक्स पर साझा किया है। रेल मंत्रालय ने वंदे भारत स्लीपर को हाई-स्पीड क्रांति का अग्रदूत बताया है। उसका दावा है कि यह जल्द ही लंबी दूरी के रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय यात्रा का अनुभव देगी। अभी तक वंदे भारत छोटी और मध्यम दूरी की चेयर कार के वर्जन के रूप में ही चलाई जा रही है। देश भर में इसकी 136 ट्रेनें चलाई जा रही हैं।


### इस महीने चलेगा परीक्षण

वंदे भारत के स्लीपर वर्जन को पहली बार लाया जा रहा है। तीन दिनों के दौरान कोटा रेल मंडल समेत विभिन्न मंडलों में इसे कई परीक्षणों से गुजरा गया है। इस महीने के अंत तक यह परीक्षण जारी रहेगा। परीक्षण पूरे हो जाने के बाद रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा अधिकतम गति पर ट्रेन का मूल्यांकन किया जाएगा। अंतिम चरण में सफल होने के बाद इसे आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया जाएगा। फिर रेलवे को नियमित सेवा के लिए सौंप दिया जाएगा। रेलवे की तैयारी फरवरी में इसे पटरियों पर उतार देने की है। वंदे भारत स्लीपर को 800 से 1200 किलोमीटर की यात्रा के लिहाज से तैयार किया गया है। एक ट्रेन सेट में 16 कोच होंगे, जिनमें 11 एसी थ्री-टियर, चार एसी टू-टियर और एक एसी फर्स्ट-क्लास कोच हैं, जिसमें कुल 823 बर्थ होंगी। इसे विमान जैसा डिजाइन किया गया है, जिसमें स्वचालित दरवाजे, आरामदायक बर्थ एवं ऑनबोर्ड वाई-फाई की सुविधा है। रेलवे के सामने असली चुनौती यात्रा की समय-सीमा को कम से कम करना है।

# चीन में फैले नए वायरस से सनसनी

## ■ एक्शन में आया भारत, स्वास्थ्य मंत्रालय कर रहा है जांच

एजेंसी | नई दिल्ली



पड़ोसी देश चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के फैलने की खबरों के बीच भारत सरकार भी अलर्ट हो गई है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (NCDC) ने श्वसन और मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामलों पर नजर रखना शुरू कर दिया है। विभाग अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में भी है। सूत्रों के मुताबिक केंद्र ने कहा कि हम स्थिति पर बारीकी से नजर रखेंगे। जानकारी की जांच करेंगे और इसके आधार पर अपडेट करेंगे।

### घबराने की जरूरत नहीं

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अधिकारी डॉ. अतुल गोयल ने कहा कि चीन में एचएमपीवी के प्रसार को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने सभी श्वसन संबंधी संक्रमणों के मामलों में सावधानी बरतने का सुझाव दिया। उनका कहना है कि मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

### निगरानी और रोकथाम की जरूरत

डॉ. डैंग्स लैब के सीईओ डॉ. अर्जुन डैंग ने बताया कि चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के प्रकोप के बाद इस वायरस के प्रसार को रोकने और निगरानी बढ़ाने की शीघ्र जरूरत है। अधिक घनत्व वाली आबादी में यह वायरस अधिक घातक हो सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. डैंग्स लैब में हमने फ्लू सीजन के दौरान एचएमपीवी को छोटे बच्चों, वृद्धों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में नियमित रिपोर्ट किया। मगर चीन में इसका फैलना वायरस के निगरानी और शुरुआती जांच की जरूरत को उजागर करता है।

### ऐसे होते हैं एचएमपीवी के लक्षण

डॉ. डांग के मुताबिक एचएमपीवी के लक्षण अन्य श्वास संबंधी वायरसों जैसे होते हैं। अगर इसके प्रसार पर तुरंत काबू नहीं पाया गया तो यह स्वास्थ्य सेवा पर अधिक दबाव डाल सकता है। डॉ. अर्जुन डांग के अनुसार इस वायरस के लक्षणों में बुखार आना, खांसी, नाक बंद होना, सांस लेने में तकलीफ और घबराहट होती हैं। गंभीर मामलों में ब्रोंकियोलाइटिस या निमोनिया भी हो सकता है। हालांकि यह खतरा बच्चों और बुजुर्गों में अधिक होता है।

### अभी कोई इलाज नहीं

डॉ. अर्जुन डांग ने कहा कि एचएमपीवी के लिए कोई विशिष्ट एंटीवायरल इलाज नहीं है। रोकथाम ही इसका सबसे प्राथमिक इलाज है। उन्होंने कहा कि अभी इस वायरल का पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) परीक्षण ही निदान का मानक है। गंभीर मामलों में बुखार को नियंत्रित करके और ऑक्सीजन थेरपी से इलाज किया जाता है।

### इस तरह कर सकते अपना बचाव

कुछ अच्छी आदतों को अपनाकर वायरस के जोखिम को कम किया जा सकता है। डॉ. अर्जुन डांग का कहना है कि बार-बार हाथ धो कर, खांसते और छींकते समय मुंह ढंकना, संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाकर काफी हद तक जोखिम से बचा जा सकता है।

संविधान, आरक्षण और आंबेडकर वाले विपक्ष के नैरेटिव की भाजपा ने खोजी काट

# गणतंत्र दिवस से पहले भाजपा का देशव्यापी 'संविधान गौरव अभियान'

एजेंसी | नई दिल्ली




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस से पहले संविधान के प्रति सम्मान और उसके मूल्य को बढ़ावा देने के लिए एक पखवाड़े तक चलने वाला अभियान शुरू करेगी। इस अभियान का उद्देश्य संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह अभियान विपक्षी पार्टियों द्वारा भाजपा पर संविधान को कमजोर करने के आरोपों के बीच शुरू किया जा रहा है। पार्टी ने इसे संविधान गौरव अभियान का नाम दिया है, जो 11 जनवरी से शुरू होगा। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि संविधान गौरव अभियान का विशेष ध्यान उन जिलों पर केंद्रित होगा, जहां अनुसूचित जातियों की संख्या अधिक है।

### इन्हें सौंपी जिम्मेदारी

भाजपा ने इस अभियान की अगुवाई के लिए अपने तीन राष्ट्रीय महासचिवों विनोद तावड़े, तरुण चुघ और दुष्यंत कुमार गौतम को नियुक्त किया है। तावड़े को अभियान का संयोजक बनाया गया है। पार्टी पूरे देश में 50 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगी और स्थानीय स्तर पर भी कई कार्यक्रम होंगे। इस अभियान के तहत पार्टी विशेष रूप से छात्रों तक पहुंचेगी और संविधान के मूल्यों को समझाएगी। पार्टी के नेताओं का कहना है कि अभियान में डॉ. आंबेडकर के योगदान को भी प्रमुखता से उजागर किया जाएगा। मोदी सरकार ने 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' के टैगलाइन के साथ संविधान की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर एक अन्य अभियान भी शुरू किया है।

# फैज अहमद किदवई डीजीसीए प्रमुख नियुक्त



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र ने शुक्रवार को नौकरशाही के वरिष्ठ स्तर पर किए गए फेरबदल के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी फैज अहमद किदवई को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) का प्रमुख नियुक्त किया। मध्यप्रदेश कैडर के 1996 बैच के आईएएस अधिकारी किदवई वर्तमान में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं।

### इन्हें भी मिली नई जिम्मेदारी

- गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव आशुतोष अग्निहोत्री को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का प्रमुख एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।
- वरिष्ठ अधिकारी आकाश त्रिपाठी को ऊर्जा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।
- श्रम मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव कमल किशोर सोन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तहत जल जीवन मिशन के अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक होंगे।
- कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त सचिव शुभा ठाकुर को गृह मंत्रालय के तहत अंतर-राज्यीय परिषद सचिवालय में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

# पीपीओ जारी होने के बाद पेंशन तुरंत मिलेगी

- पेंशन सत्यापन के लिए बैंकों में नहीं भटकना होगा

एजेंसी | नई दिल्ली




कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा लागू की गई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) का फायदा उन पेंशनधारकों को होगा, जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने गृहनगर चले जाते हैं। सीपीपीएस के तहत, लाभार्थी किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे और पेंशन शुरू होने के समय सत्यापन के लिए बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। राशि जारी होने पर तुरंत जमा कर दी जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, जनवरी 2025 से सीपीपीएस प्रणाली पूरे भारत में पेंशन का वितरण सुनिश्चित करेगी तथा पेंशनधारकों के किसी अन्य स्थान पर जाने या उनके द्वारा अपना बैंक या शाखा बदलने के बावजूद पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में स्थानांतरित करने की आवश्यकता नहीं होगी। पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी होने के बाद पेंशन घर के पास स्थित बैंक से शुरू कराई जा सकेगी।

# आईईडी विस्फोट में तीन जवान घायल

एजेंसी | बीजापुर



छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में आईईडी (प्रेशर बम) में विस्फोट होने से डीआरजी के तीन जवान घायल हो गए। यह आईईडी गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोड़का गांव के पास लगाया गया था। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को डीआरजी के दल को माओवादी विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। दल जब अभियान से वापस हो रहा था तभी तोड़का गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में विस्फोट हो गया। इस घटना में तीन जवान घायल हो गए। घटना के बाद जवानों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जवानों को हल्की चोट आई है तथा वह खतरे से बाहर हैं। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

# त्रिपुरा के कंचनपुर में सुरक्षा बढ़ाई गई

एजेंसी | अगरतला

उत्तरी त्रिपुरा के कंचनपुर में चरमपंथी समूहों की गतिविधियों की खबरें मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंचनपुर बांग्लादेश की सीमा से लगा हुआ है। पुलिस ने बताया कि कंचनपुर की 48 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश के दो जिलों- रंगमती और खगराचेरी से लगती है। सीमा पर करीब 300 मीटर के हिस्से को छोड़कर बाड़ लगाई गई है। उत्तरी जिले के पुलिस अधीक्षक अविनाश राय ने कहा, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चरमपंथी समूहों की गतिविधियों की खबरें मिली हैं।

# जम्मू-कश्मीर में स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में अभी तक सामान्य स्थिति पूरी तरह बहाल नहीं हुई है क्योंकि आतंकवादी हमले जारी हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि शांति स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।



### शाह के दावों को किया खारिज

अब्दुल्ला की यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 ने कश्मीर के युवाओं के मन में अलगाववाद के बीज बोए थे और नरेंद्र मोदी सरकार ने न केवल घाटी में आतंकवाद को समाप्त किया बल्कि आतंक के पारिस्थितिकी तंत्र को भी खत्म किया। अब्दुल्ला ने पत्रकारों से कहा, मैं उस (शाह के बयान) पर कुछ नहीं कहना चाहता। आज भी कुछ जगहों से हमले की खबरें आती हैं। मुख्यमंत्री ने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि जम्मू-कश्मीर का नाम बदलकर कश्यप किया जा रहा है।

# भारत आ रहा फ्रांस का विमानवाहक पोत 'चार्ल्स डी गॉल'

- गोवा-कोच्चि के बंदरगाहों पर होगा ठहराव

एजेंसी | पणजी



फ्रांस का परमाणु ऊर्जा से चलने वाला विमान वाहक पोत चार्ल्स डी गॉल और इसका पूरा कैरियर स्ट्राइक (सीएसजी) भारत आ रहा है। यह समूह मिशन क्लेमेंस्यू 25 के तहत शनिवार को गोवा और कोच्चि के बंदरगाह पर पहुंचेगा। इसे भारत-फ्रांस के बीच मजबूत होती रक्षा साझेदारी और रणनीतिक संबंधों का शक्तिशाली प्रदर्शन माना जा रहा है। मौजूदा समय में चार्ल्स डी गॉल के साथ सीएसजी हिंद महासागर में है। जहां यह भारत समेत क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण कर रहा है। इसके बाद यह ला पेरोस अभ्यास के लिए इंडोनेशियाई क्षेत्र और फिर प्रशांत महासागर में पैसिफिक स्टेलर अभ्यास के लिए जाएगा। फ्रांस का परमाणु ऊर्जा से संचालित विमान वाहक पोत चार्ल्स डी गॉल और इसका पूरा कैरियर स्ट्राइक (सीएसजी) ग्रुप (सीएसजी) एक विशाल नौसैनिक बेड़ा है। इस विमानवाहक पोत में बड़ी संख्या में विध्वंसक, फ्रिगेट और अन्य जहाज होते हैं।